
हम खबर बनाते नहीं, खबर बताते हैं...

# बस्तर इम्पेक्ट

बस्तर का सबसे तेज़ बढ़ता अखबार

वर्ष-18, अंक-312, दंतेवाड़ा, गुरूवार, 30 जुलाई 2026, पृष्ठ-08, मूल्य- 1.50 रुपए | रायपुर एवं दंतेवाड़ा से एक साथ प्रकाशित | email. bastarimpact@gmail.com, RNI NO. CHHHIN/2009/32467, प्रधान संपादक - सुरेश महापात्र



# Anti Paper Leak Bill लोकसभा से पास, ध्वनिमत से मिली मंजूरी

## इसमें 7 साल की सजा का प्रावधान, 10 करोड़ तक जुर्माना

## राज्यसभा में वंदेमातरम से जुड़ा संशोधित बिल पास







**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

भारी हंगामे के बीच लोकसभा में एंटी पेपर लीक (पेपर लीक रोकथाम संशोधन 2026) बिल पास हो गया अब इसे चर्चा के लिए कल राज्यसभा में रखा जाएगा. राज्यसभा में यह बिल आज ही रखा जाना था, लेकिन वंदे मातरम् के अपमान संबंधी बिल पारित होने के बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए अस्थगित कर दी गई. इस वजह से इस वजह से पेपर लीक रोकथाम संशोधन संबंधित विधेयक 2026 कल राज्यसभा में पेश किया जाएगा। नीट यूजी पेपर लीक को लेकर देश भर में हुए छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद केंद्र सरकार ने सोमवार को संशोधन बिल पेश किया था. इस प्रस्तावित कानून का मकसद 'पब्लिक एग्ज़ामिनेशन्स (प्रिवेंशन ऑफ़ अनफेयर मीन्स) एक्ट' में संशोधन करना है. इसके तहत पेपर लीक में शामिल लोगों के लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है.... शेष पेज 02 पर

### वंदे मातरम के अपमान पर अब 3 साल तक की जेल

राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) बिल के तहत 1971 के मूल अधिनियम में संशोधन का प्रावधान किया गया है। नए कानून में राष्ट्रगीत के अपमान के लिए तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों के प्रावधान हैं।

### एंटी पेपर लीक बिल 2026 में प्रावधान

**एंटी पेपर लीक (सार्वजनिक परीक्षा** - अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 में प्रावधान

**कड़ी सजा :** पेपर लीक या गंभीर परीक्षा धोखाधड़ी पर 5 से 10 वर्ष तक की जेल और 50 लाख रुपये तक जुर्माना.

**संगठित गिरोहों पर सख्ती :** संगठित तरीके से पेपर लीक करने वाले नेटवर्क के लिए कम से कम 7 वर्ष की जेल और 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रस्ताव.

**फास्ट ट्रैक कोर्ट :** सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें बनाने का प्रावधान, जहाँ मामलों की दैनिक सुनवाई हो और चार्जशीट के 3 महीने के भीतर ट्रायल पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**समयबद्ध जांच :** जांच 60 दिनों (लगभग 2 महीने) में पूरी करने का लक्ष्य.

**नई परीक्षा सुरक्षा व्यवस्था :** बायोमेट्रिक सत्यापन, परीक्षा केंद्रों का प्री-ऑडिट, प्रश्नपत्र सुरक्षा, डिजिटल निगरानी और अन्य सुरक्षा मानकों को मजबूत करने का प्रस्ताव।

**सिर्फ दो बिल हुए पेश**

20 जुलाई को मॉनसून सत्र शुरू होने के बाद से ही विपक्ष ह्वश्वज्ज पेपर लीक मामले को लेकर सरकार पर दबाव बना रहा है. सत्ता पक्ष और विपक्ष में टकराव के चलते बार-बार सदन की कार्यवाही बाधित हुई. जिससे विधायी कामकाज मुख्य रूप से केवल दो बिल पेश करने तक ही सीमित रह गया है।

### राहुल बोले- छात्रों पर दिल्ली में पैलेट गन चली, नुकीली लाठियां मारी गईं

### भाजपा बोली- छात्रों के संसद मार्च में गोली नहीं चली



राहुल गांधी ने बुधवार शाम को कहा, 'आज मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। रिजिजू और राजनाथ सिंह जी को बोलने दिया गया। इसकी वजह है कि मैंने अमित शाह के बारे में कहा कि वह छात्रों पर हुई बर्बरता के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सदन में मुझसे कहा गया कि मैं माफी मांगूगा, इसके बाद मुझे बोलने दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मेरा कर्तव्य है कि देश के मुद्दे उठाऊं। छात्रों पर पैलेट गन का चलाई गईं। कई छात्रों की आंख की रोशनी चली गईं। मैंने मेडिकल सर्टिफिकेट में यह देखा। छात्रों पर कील लगी लाठियां चलाई गईं।

**संबित पात्रा बोले- छात्रों पर गोली नहीं चलाई गई**

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि राहुल ने लोकसभा में झूठ बोला है। पात्रा ने बताया कि संसद मार्च में छात्रों पर गोली चलाई गई। इसका भाजपा खंडन करती है। राहुल ने कहा कि गोली चलाने का आदेश गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। ये भी झूठ है, क्योंकि गोली चली नहीं तो आदेश कहां से देंगे।

---

# भोपाल में पुलिस से झड़प, किसानों के कपड़े फटे सेफ्टी जैकेट पहन लाठी लेकर खड़े जवान




**एजेंसी न्यूज. भोपाल**

मूंग खरीदी, ई-टोकन सिस्टम रद्द करने समेत 3 मांगों को लेकर भोपाल में किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। रास्ते में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर का घेराव कर दिया। इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की में कुछ किसानों के कपड़े फट गए।

शिवराज के घर के बाहर नारेबाजी के बाद किसान सीएम हाउस की ओर बढ़ रहे हैं। रोशनपुरा चौराहे से सीएम हाउस की ओर जाने वाले रास्ते पर फोर्स तैनात है। जवान सेफ्टी जैकेट और लाठी-डंडों के साथ मुस्तैद हैं। सीएम हाउस यहां से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर है। किसानों को रोकने के लिए रास्ते में बसें और डंपर खड़े कर बैरिकेडिंग की गई है। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो सीएम हाउस का गेट तोड़कर अंदर घुसेंगे। प्रदर्शन में शामिल बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने वादा तोड़ा है। हम भीख नहीं, अपना अधिकार मांग रहे हैं।

वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने भी किसानों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भोपाल में किसानों का आक्रोश सड़कों पर दिख रहा है और CJP की टीम पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

### किसानों ने अर्धनग्न होकर विरोध जताया

प्रदर्शन स्थल पर कुछ किसानों ने अर्धनग्न होकर विरोध जताया। कुछ किसानों ने सड़क पर ही दाल-बाटी बनाकर लंच किया। किसानों के समर्थन में त्दद्गठ्ठ- भी शामिल हुए और सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन किया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कई रास्तों पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक रोका, जिससे लोगों को परेशानी हुई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नर्मदापुरम रोड के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों से बातचीत के लिए मंत्रियों की कमेटी बनाई गई है, वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर किसानों की मांगों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

# छत्तीसगढ़ का मोस्ट वांटेड नक्सली मिसिर बेसरा झारखंड में गिरफ्तार

## 55 जवानों का हत्यारा, डेढ़ करोड़ का इनामी था, बीजापुर में 8 नक्सलियों का सरेंडर

**इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर/बीजापुर**



बस्तर में माओवादी नेटवर्क को फैलाने वाले और झारखंड में 55 जवानों की शहादत से जुड़े IED ब्लास्ट का आरोपी नक्सली मिसिर बेसरा पकड़ा गया है। मंगलवार (28 जुलाई) को झारखंड के सारंडा के जंगल में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर उसे और 2 साथियों को गिरफ्तार किया है। मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित है। वह नक्सलियों के पोलित ब्यूरो का मेंबर और ERB इंचार्ज था। माओवादी संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और संगठन के शीर्ष नेताओं में शामिल रहा है।

बताया जा रहा है कि अगला टारगेट नक्सली गणपति है, जिसके नेपाल में छिपे होने की खबर है, उसने सरेंडर नहीं किया है। बसवा राजू से पहले वो ही संगठन का महासचिव था। बसवा राजू नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का मेंबर था। 21 मई 2025 को एनकाउंटर में मारा गया।

### इनपुट मिलने के बाद चलाया सर्च ऑपरेशन

सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिला था कि मिसिर बेसरा अपने साथियों के साथ सारंडा के गिरिडीह और पारसनाथ की पहाड़ियों के रास्ते नए ठिकाने की तलाश में निकल रहा है। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान घेराबंदी में वह भाग नहीं सका और पकड़ा गया।

### बीजापुर में 8 नक्सलियों का सरेंडर



सीआरपीएफ के उपमहानिरीक्षक (DIG) बी.एस. नेगी ने बताया कि एक दिन पहले झारखंड में माओवादी संगठन के अंतिम बचे केंद्रीय समिति (CC) सदस्य मिसिर बेसरा को गिरफ्तार किया गया। इसके अगले ही दिन बीजापुर में 8 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ में सक्रिय बड़े नक्सली लगभग खत्म हो चुके हैं।

### वैभव सूर्यवंशी दुनिया के टॉप-50 टी-20 बल्लेबाजों में शामिल 230 स्थान की छलांग लगाई, शुभमन गिल बने वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज




**नई दिल्ली।** ICC की ताजा टी-20 रैंकिंग में भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 230 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। सूर्यवंशी 536 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दुनिया के 48वें नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। वे पहली बार टॉप-50 में आएं हैं। दूसरी ओर वनडे में भारत के कप्तान शुभमन गिल वर्ल्ड नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। वनडे में टॉप-4 में तीन भारतीय हैं। विराट कोहली दूसरे और रोहित शर्मा चौथे नंबर पर हैं। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट बॉलर बने हुए हैं।

**सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे दौरे पर 2 फिफ्टी लगाई**

सूर्यवंशी ने पिछले सप्ताह जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में तीन मैचों में 50.33 की औसत से 151 रन बनाए। इसी प्रदर्शन की वजह से उनकी रैंकिंग में इतनी लंबी छलांग आई है। सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ वारंट जारी



**संगरूर।** संगरूर कोर्ट ने मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ वारंट जारी किया है। उन्हें अदालत में पेश होने का आदेश दिया गया है। उनके वकील एडवोकेट ललित गर्ग ने इस कार्रवाई की जानकारी दी। यह मामला 2023 का है, जब संगरूर निवासी हितेश भारद्वाज ने खड़गे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खड़गे पर आरोप है कि उन्होंने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में बजरंग दल पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने बजरंग दल की तुलना पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन पीएफआई से की थी और कहा था कि सत्ता में आने पर वे इस संगठन पर प्रतिबंध लगा देंगे।

# BJP प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सड़क हादसे में घायल

## यूपी में ट्रक से टकराई कार, कमर-पैर पर चोट, बागेश्वर धाम से लौट रहे थे






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधानसभा से विधायक किरण सिंह देव सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। यूपी के झांसी से सटे ललितपुर में बुधवार दोपहर NH-44 पर उनकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद उन्हें तुरंत झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

किरण सिंह देव की कमर में गहरी चोट आई है। उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत है। शुरुआती जांच में उनकी बॉडी में किसी फ्रैक्चर की पुष्टि नहीं हुई है। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# CJP की कंगना को नसीहत- परिवार में भी ऐसी भाषा बोलेंगी

## ये मानसिक रूप से स्थिर व्यक्ति के शब्द नहीं, एक्ट्रेस Gen-Z को गटर जनरेशन बोली थीं



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनोट ने Gen Z को जनरेशन गटर कहा था। इस पर कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि अगर आपके परिवार में Gen Z या जेन अल्फा का कोई युवा है, तो क्या आप उनके लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करेंगी? कंगना ने मंगलवार को इंस्टाग्राम स्टोरीज पर नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर CJP के नेतृत्व में हो रहे आंदोलन पर निशाना साधा था।

**सौरव दास बोले- उनकी भाषा अशोभनीय**

कंगना की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सौरव दास ने कहा कि उनकी भाषा अशोभनीय है। उन्होंने कंगना पर CJP लहर का फायदा उठाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। दास ने कहा, ये शब्द किसी मानसिक रूप से स्थिर व्यक्ति के नहीं लगते। उनके निर्वाचन क्षेत्र के वीडियो हैं, जहां वह लोगों से कह रही हैं कि आप लोग तो बहुत काम कराते हो। मुझे तो लगा था कि एमपी बनकर ज्यादा काम नहीं होगा, लेकिन यहां तो मुझे रोज काम करना पड़ रहा है। यह उनकी अपने काम के प्रति गंभीरता है।

# ईरान जंग में अब सऊदी अरब की एंट्री

## अमेरिका के साथ मिलकर इराक में ईरान समर्थक लड़ाकों पर हमले किए, 20 की मौत



**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी/तेल अवीव।** ईरान जंग में अब सऊदी अरब की भी एंट्री हो गई है। सऊदी ने अमेरिका के साथ मिलकर मंगलवार रात इराक में ईरान समर्थक पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स (PMF) के लड़ाकों के ठिकानों पर हमले किए। न्यूज एजेंसी AFP के मुताबिक इसमें 20 लड़ाकों की मौत हो गई है जबकि 32 घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन ठिकानों से अमेरिकी सैनिकों और सऊदी अरब के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की तैयारी की जा रही थी। हमलों के कुछ घंटे बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये मिसाइलें जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागी गई थीं, लेकिन सभी को रास्ते में ही इंटरसेप्ट कर लिया गया।

# इंडिगो-फ्लाइट ने जयपुर के आसमान में 44 मिनट चक्कर काटे

## रनवे छूकर दोबारा उड़ी, खराब मौसम के कारण लैंडिंग नहीं हो सकी, 120 पैसेंजर सवार थे




**जयपुर।** हैदराबाद से जयपुर आई इंडिगो की फ्लाइट बुधवार को करीब 44 मिनट तक आसमान में चक्कर लगाती रही। तेज बारिश और हवा के कारण विमान को रनवे छूने के बाद दोबारा उड़ान भरनी पड़ी। आखिरकार मौसम में सुधार होने के बाद विमान की जयपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इस विमान में करीब 120 पैसेंजर थे। इंडिगो की फ्लाइट 6E-913 बुधवार दोपहर करीब 1 बजकर 45 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर उतरने वाली थी। पायलट ने निर्धारित समय के अनुसार करीब 1 बजकर 40 मिनट लैंडिंग के लिए अप्रोच भी शुरू कर दी थी। लेकिन उसी दौरान एयरपोर्ट के आसपास तेज बारिश और हवा के कारण लैंडिंग के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं बन सकीं।

**बॉटम न्यूज...**

# थाईलैंड में 3 इंडियन टूरिस्ट का अपहरण, 5 भारतीय गिरफ्तार

## पाकिस्तानी के कहने पर किडनैपिंग की, सस्ते टूर पैकेज का लालच देकर पटाया बुलाया

**थाईलैंड पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

**एजेंसी न्यूज. बैकांक**



थाईलैंड में तीन भारतीय पर्यटकों का अपहरण करके उनके परिवारों से फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें एक पाकिस्तानी नागरिक ने तीनों को किडनैप करने को कहा था। पुलिस ने तीनों लड़कों को रेस्क्यू कर लिया है।

पीड़ितों की पहचान मोहित (23), आशीष (24) और हिमांशु (20) के रूप में हुई है। आरोपियों ने उन्हें सस्ते 7 दिन के टूर पैकेज का लालच देकर थाईलैंड के पटाया शहर बुलाया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें एक घर में बंधक बना लिया गया और उनके परिवारों से तीनों के बदले 40-40 लाख रुपए, यानी कुल 1.20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई।

**दुबई से निर्देश दे रहा था पाकिस्तानी मास्टरमाइंड**

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अवतार सिंह (38), जगजीत सिंह (38), रंभालक कुमार (24), सुखबीर सिंह (37) और कुलरा सिंह (27) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले एक महीने से चैट एप्लीकेशन के जरिए दुबई में बैठे एक पाकिस्तानी नागरिक के संपर्क में थे। उसी ने अपहरण की पूरी साजिश रची थी। फिरौती की रकम क्रिप्टोकरेंसी के जरिए लेने की योजना बनाई गई थी। इसके बदले आरोपियों को नकदी, कीमती सामान और थाईलैंड से बाहर जाने के लिए एयरलाइन टिकट देने का वादा किया गया था। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि उन्हें कई दिनों तक भूखा रखा गया। उनके हाथ-पैर बांध दिए गए और उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटा गया।




भोपाल में प्रदर्शन स्थल पर कुछ किसानों ने अर्धनग्न होकर विरोध जताया।

# PAK रक्षा मंत्री बोले- PoK के प्रदर्शनकारी भारत जैसे दुश्मनः इनसे कोई बातचीत नहीं करेंगे; फायरिंग में 32 प्रदर्शनकारियों की मौत

**एजेंसी न्यूज. इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि PoK में सरकार विरोधी प्रदर्शन कर रहे लोगों को वह भारत की तरह पाकिस्तान का दुश्मन मानते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से किसी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी

आसिफ का यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में पुलिस की फायरिंग में पिछले 2 दिनों में 32 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा लोग घायल हैं। यहां चुनाव के विरोध में जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) ने मार्च निकाला था।

प्रदर्शनकारी PoK विधानसभा की 12 शरणार्थी सीटों को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। हिंसा के बाद पाकिस्तान ने पूरे PoK में अतिरिक्त सेना, पैरा मिलिट्री और आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी तैनात कर दी है। पूरे क्षेत्र में धारा-144 लागू कर इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं।

**5 हजार लोगों के मार्च पर चली गोलियां**

मंगलवार को जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (JAAC) के बैनर तले करीब 5 हजार लोग रावलाकोट से मुजफ्फराबाद की ओर मार्च निकाल रहे थे। संगठन का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने बिना किसी उकसावे के फायरिंग कर दी।



हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने JAAC के आरोपों से इनकार किया है। सरकार का दावा है कि प्रदर्शनकारी आधुनिक हथियारों से लैस थे और उन्होंने पहले सुरक्षाबलों पर हमला किया, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई।

**POK की 12 शरणार्थी सीटों का विवाद क्या है?**

POK विधानसभा में कुल 53 सीटें हैं। इनमें 8 सीटें महिलाओं, टेक्नोक्रेट्स और अन्य आरक्षित वर्गों के लिए हैं। बाकी 45 सीटों पर सीधे चुनाव होते हैं। इन्हीं 45 सीटों में 12 सीटें उन कश्मीरी शरणार्थियों के लिए हैं, जो 1947 और उसके बाद जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान चले गए थे। इन सीटों के मतदाता POK में नहीं, बल्कि पाकिस्तान के पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और अन्य हिस्सों में रहते हैं। इस बार इन 12 सीटों पर करीब 6 लाख मतदाता वोट डालेंगे।

JAAC का आरोप है कि इन सीटों के जरिए इस्लामाबाद की राजनीतिक पार्टियां POK की सरकार के गठन में दखल देती हैं। कई बार इन सीटों के नतीजे विधानसभा में बहुमत का समीकरण बदल देते हैं। यही वजह है कि JAAC की मांग है कि विधानसभा चुनने का अधिकार सिर्फ POK में रहने वाले लोगों के पास होना चाहिए और 12 शरणार्थी सीटों की व्यवस्था खत्म की जाए।

विपक्षी दलों का भी आरोप है कि इन सीटों का इस्तेमाल चुनावी नतीजों को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। इसी कारण पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) समेत कई दल चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठा चुके हैं।

## ब्रेकिंग न्यूज...

### भारतीय नागरिक अमृतपाल सिंह FBI की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल




**एजेंसी न्यूज. वॉशिंगटन**

भारतीय नागरिक अमृतपाल सिंह को अमेरिका की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (FBI) की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल किया गया है। उस पर उत्तरी अमेरिका में सक्रिय इंटरनेशनल ड्रग तस्करी नेटवर्क में शामिल होने का आरोप है। FBI के मुताबिक, अमृतपाल सिंह कनाडा के वैंकूवर में सक्रिय ट्रांसनेशनल क्रिमिनल ऑर्गनाइजेशन रविंदर धांडा ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप से जुड़ा है। एजेंसी का आरोप है कि यह ग्रुप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में ड्रग तस्करी करने वाले संगठनों के लिए बड़ी मात्रा में कोकीन और मेथामफेटामाइन की तस्करी करता था।

FBI ने अमृतपाल सिंह पर इस संगठित अपराध नेटवर्क के तहत कोकीन और मेथामफेटामाइन की तस्करी की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। FBI के अनुसार, अमृतपाल सिंह के खिलाफ लॉस एंजिल्स की एक फेडरल कोर्ट ने 23 जून 2026 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

# मालदीव बोला- SAARC को फिर से शुरू किया जाए, राष्ट्रपति मुइज्जू ने मध्यस्थता की पेशकश की

**मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) को फिर से शुरू करने की अपील की है।**

**एजेंसी न्यूज. मालदीव**

उन्होंने कहा कि मालदीव सदस्य देशों के बीच बातचीत कराने और SAARC को दोबारा सक्रिय करने में हरसंभव मदद करेगा।




स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुइज्जू ने कहा कि SAARC ने दक्षिण एशिया के देशों को कई फायदे दिए हैं, लेकिन पिछले करीब नौ साल से यह लगभग ठप पड़ा है। उनका कहना था कि देशों के बीच मतभेद बातचीत से सुलझाए जाने चाहिए और इसी रास्ते से संगठन को फिर से आगे बढ़ाया जा सकता है।

मुइज्जू ने कहा कि SAARC का दोबारा सक्रिय होना दक्षिण एशिया में शांति, सुरक्षा और सहयोग के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मालदीव इस दिशा में मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

# रिपोर्ट- रेड सी में जहाजों पर टैक्स लगाने की तैयारीः ईरान ने हूती विद्रोहियों को आइडिया दिया, चीनी जहाजों को छूट मिल सकती है

**एजेंसी न्यूज. तेहरान**

यमन के हूती विद्रोही रेड सी (लाल सागर) के दक्षिणी हिस्से से गुजरने वाले कारोबारी जहाजों पर शुल्क लगाने की तैयारी कर रहे हैं। रॉयटर्स ने यह जानकारी सूत्रों ने के हवाले से दी है। हालांकि, इसे कब लागू किया जाएगा, इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है।

बाब अल-मंदेब रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाला दुनिया का अहम समुद्री रास्ता है। रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हूती नेता ईरान गए थे। वहां




ईरानी अधिकारियों ने जहाजों पर टैक्स लगाने का आइडिया दिया था।

बाद में ईरानी सलाहकारों ने हूती अधिकारियों के साथ मिलकर टैक्स वसूलने के लिए एक संभावित व्यवस्था तैयार करने में भी मदद की। प्रस्ताव के तहत चीनी जहाजों को इस शुल्क से छूट दी जा सकती है। चीन सऊदी अरब से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाला देश है।

## पेज 01 का शेष...
## Anti Paper Leak Bill...

जिसमें 10 साल तक की जेल और 50 लाख तक का जुर्माना शामिल है।

**उच्च शिक्षा के अवसरों में हुआ 30 परसेंट इजाफा- जितेंद्र सिंह**

डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने एक कहानी सुनाई. एक कहानी मैं भी सुनाता हूं 21 जुलाई की. ये हताश होकर प्रधानमंत्री के दरवाजे पर जा बैठे. इनकी हताशा हम समझ सकते हैं. बहुत समय से चाहते हैं कि देश की जनता इनको प्रधानमंत्री बनाए, 7 लोककल्याण मार्ग भेजे. जब इनसे कहा गया कि हट जाइए, इन्होंने कहा कि मुझे उठा लिया जाए. उन्होंने असम आंदोलन का उल्लेख करते हुए कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया. प्रियंका गांधी ने रोचक तथ्य बताया कि 150 से ज्यादा पेपर लीक हुए और 750 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए और कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. शायद वह ये भूल गईं कि 52 एफआईआर दर्ज हुई. वेणुगोपाल ने कहा कि हमने स्कूल बंद कर दिए. वे यह कहते कि उच्च शिक्षा के स्तर पर अवसरों में 30 परसेंट इजाफा हुआ है. हम चाहते तो थे, कि इस बिल पर गंभीर चर्चा हो।

लोकसभा की कार्यवाही शुरू, हंगामे के बीच जितेंद्र सिंह दे रहे जवाब लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हो गई है. प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह एंटी पेपर लीक बिल पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे हैं. डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस पर राजनीति करने का प्रयास हुआ, जो ठीक नहीं है. अगर कोई खुद को भी इडियट कहना चाहे, तो नहीं कह सकता. नेता प्रतिपक्ष को सार्वजनिक जीवन और प्रशासनिक प्रणाली के बुनियादी बिंदुओं की जानकारी का भी अभाव है. जब वो यह कहते हैं कि गृह मंत्री ने गोली चलाने का आदेश दिया और ऑथेंटिकेट नहीं कर सके, तो यह आदेश मजिस्ट्रेट देता है. दूसरी बात, गोली चली ही नहीं, तो आदेश का सवाल ही नहीं पैदा होता. फिर ये कहा कि गृह मंत्री के साथ 20 गाड़ियों का काफिला है. इतनी गाड़ियां गृह मंत्री के साथ कभी नहीं चलतीं. गृह मंत्री कभी भी विदेश नहीं गए. तथ्यों के बिना गैर जि मेदारी से बात कह देना और फिर निकल जाना, यह किसी जि मेदार नेता का व्यवहार हो ही नहीं सकता।

**दो ही विकल्प हो सकते हैं, सिर्फ इतना ही पूछा- राहुल गांधी**

राहुल गांधी ने कहा है कि सिर्फ इतना पूछा है कि दो ही विकल्प हो सकते हैं. पहला विकल्प यह कि गृह मंत्री ने फायरिंग का आदेश दिया या दूसरा विकल्प यह है कि गृह मंत्री को मालूम ही नहीं था कि फायरिंग होने वाली है. पहले मामले में वह दोषी हैं. दूसरे मामले में वह अयोग्य हैं. तीसरा तो कोई विकल्प हो ही नहीं सकता. या तो गृह मंत्री को पता नहीं था कि गोली चल रही है, जिसका मतलब है कि वह अयोग्य हैं या फिर उन्होंने आदेश दिया, जिस स्थिति में वह दोषी हैं. मैं सिर्फ यही कह रहा हूं. यह सीधी-सी लॉजिक है।

**समय और कैलेंडर**

प्रियंका गांधी के साथ बैठक के बाद अब शाह से मिल रहे रिजिजू लोकसभा में गतिरोध के बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू लगातार बैठकें कर रहे हैं. गृह मंत्री पर राहुल गांधी के बयान से लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद रिजिजू ने अमित शाह के साथ बैठक की. इसके बाद स्पीकर की मौजूदगी में रिजिजू ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के साथ भी बैठक की. अब एक बार फिर रिजिजू गृह मंत्री शाह से मिलने पहुंचे हैं. किरेन रिजिजू और अमित शाह की इस दूसरे दौर की बैठक में पीयूष गोयल भी मौजूद हैं। एक्ज़िक्यूटिव ब्रांच

**ऑर्गेनाइजर ने लिखा था- राष्ट्रगान एंटरटेनमेंट का विषय, कार्रवाई हो- संजय सिंह**

संजय सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् का अपमान न हो, इसके लिए वह पार्टी बिल लेकर आ रही है जिससे जुड़े आरएसएस के मु यालय पर 52 साल तक तिरंगा नहीं फहराया. आज वो लोग वंदे मातरम् को लेकर स त कानून बनाने की बात कर रहे है. एक पत्रिका है ऑर्गेनाइजर, उसने लिखा कि राष्ट्रगान एंटरटेनमेंट का विषय है. उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. हेडगेवार जी ने 1923 में लिखा. संघ की शाखाओं में तिरंगा क्यों नहीं फहराते. वंदे मातरम् हम भी लगाते हैं. इसका मतलब होता है मातृभूमि की वंदना. हम कहते हैं भारत माता की जय. आप भारत माता की बेटियों के सिर तोड़ते हैं दिल्ली में. मातृभूमि की वंदना तब होगी, जब आप बेटे-बेटियों, किसानों-मजदूरों का स मान करेंगे. आप सबका शोषण कर रहे हैं, सब पर लाठियां चला रहे हैं. जिन लोगों ने अब तक भारत के राष्ट्रगान, तिरंगे का अपमान किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई का भी बिल लेकर आइए. हम उसका भी समर्थन करेंगे।

# फ्रांस में जंगल की आग से 4 हजार और लोग हटाए गए



**एजेंसी न्यूज. फ्रांस**

फ्रांस के बोर्डो के पश्चिम में फैली जंगल की भीषण आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। मंगलवार को अटलांटिक तट के पर्यटन स्थलों से 4 हजार और लोगों को सुरक्षित निकाला गया। आग दोबारा भड़कने के बाद 23 विमान और हेलिकॉप्टर आग बुझाने में लगाए गए हैं। अब तक फ्रांस और स्पेन में करीब 3.3 लाख लोगों को घरों और पर्यटन स्थलों से हटाया जा चुका है। इनमें अकेले फ्रांस के गिरोंद (Gironde) इलाके से 2.2 लाख लोगों को निकाला गया।

अधिकारियों के मुताबिक यह युद्धकाल को छोड़कर देश का सबसे बड़ा नागरिक निकासी अभियान हो सकता है। फ्रांस में इस साल अब तक 1,160 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा जंगल जल चुके हैं। मौसम विभाग ने गिरोंद में फिर से गर्मी बढ़ने की चेतावनी दी है, जबकि स्पेन में भी कई बड़े जंगलों में आग अब भी बेकाबू है।

# रूस ने टेलीग्राम के फाउंडर को वॉन्टेड लिस्ट में डालाः पावेल दुरोव पर आतंकवाद फैलाने का आरोप, केस दर्ज; एप बैन हो सकता है

**रूस की मुख्य सुरक्षा एजेंसी फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (FSS) ने मैसेजिंग एप टेलीग्राम के फाउंडर पावेल दुरोव के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप तय किए हैं।**

**एजेंसी न्यूज. मॉस्को**

रूस ने उन्हें इंटरनेशनल वॉन्टेड लिस्ट में भी डाल दिया है। FSS ने आरोप लगाया कि टेलीग्राम का एडमिनिस्ट्रेशन उन चैनल्स, चैट्स और बोट्स को हटाने में नाकाम रहा है, जिनका इस्तेमाल यूक्रेनी इंटेलिजेंस एजेंसियां और चरमपंथी संगठन रूस में तोड़फोड़, साइबर



फ्रॉड और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कर रहे हैं।

**रूस में पूरी तरह से बैन हो सकता है टेलीग्राम एप**

सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि बार-बार चेतावनी के बावजूद टेलीग्राम प्रशासन ने इन्हें हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पावेल दुरोव पर नया केस दर्ज होने के बाद अब रूस में टेलीग्राम के भविष्य और इसकी सेवाओं पर पूरी तरह बैन लगने की आशंका बढ़ गई है।

**दुबई में रहकर एप का ऑपरेशन संभाल रहे दुरोव**

पावेल दुरोव का जन्म रूस में ही हुआ था, लेकिन उन्होंने 2021 में फ्रांस की नागरिकता हासिल कर ली थी। इस समय वे दुबई से अपनी कंपनी और एप का संचालन कर रहे हैं।

**टेलीग्राम पर पहले से पाबंदियां, फिर भी लोकप्रिय**

रूस में टेलीग्राम सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग एप्स में से एक है। रूसी सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए एप पर पहले ही कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं। इसके बावजूद आम लोगों से लेकर सरकारी और मिलिट्री से जुड़े लोग भी इस एप का उपयोग करते हैं।

**क्या है फेडरल सिक्योरिटी सर्विस**

FSS रूस की मुख्य आंतरिक सुरक्षा और खुफिया एजेंसी है। यह पूर्ववर्ती सोवियत संघ की एजेंसी KGB की उत्तराधिकारी मानी जाती है। इसका मुख्य काम देश के भीतर आतंकवाद रोकना, सीमाओं की सुरक्षा करना और साइबर सुरक्षा की निगरानी करना है।

**कौन हैं पावेल दुरोव**

1984 में रूस में जन्मे दुरोव को %रूस का मार्क जकरबर्ग% कहा जाता है। उन्होंने टेलीग्राम से पहले रूस का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म VK बनाया था। डेटा प्राइवेसी और अभिव्यक्ति की आजादी को लेकर रूसी सरकार से हुए विवाद के बाद उन्होंने 2014 में रूस छोड़ दिया था। अभी दुरोव दुबई में रहते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -114

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 113 का हल**



## सू- दोकू क्र.114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.113 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# अमेरिका ने इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट पर रोक लगाईः देश की सुरक्षा को खतरा बताया; चीन बोला- बेवजह हमारी कंपनियों को निशाना बनाना गलत



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका ने चीन समेत दूसरे देशों से आने वाले इंसानों जैसे दिखने वाले (ह्यूमनॉइड) और चार पैरों पर चलने वाले (क्वाड्रुपेड) रोबोट के आयात पर रोक लगा दी है। अमेरिका के फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (FCC) ने इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का हवाला दिया है। हालांकि यह प्रतिबंध सिर्फ उन रोबोट पर लागू होगा जो अभी अमेरिका नहीं पहुंचे हैं। पहले से इस्तेमाल हो रहे रोबोट इस फैसले के दायरे में नहीं आएंगे।

इस फैसले पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास ने आरोप लगाया कि अमेरिका बिना किसी सबूत के चीनी कंपनियों को निशाना बना रहा है। चीन ने कहा कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए जरूरी जवाबी कदम उठाएगा।

**अमेरिका ने विदेशी रोबोट पर रोक क्यों लगाई?**

अमेरिका का मानना है कि अगर देश की जरूरी सेवाओं में विदेशी कंपनियों के रोबोट का इस्तेमाल बढ़ता गया, तो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ सकता है।

सरकार को आशंका है कि किसी विवाद या तनाव की स्थिति में इन रोबोट की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा साइबर हमलों के जरिए बिजली ग्रिड, संचार नेटवर्क और दूसरे अहम सिस्टम को भी निशाना बनाया जा सकता है।

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और चीन के बीच ढ्ढ, रोबोटिक्स और दूसरी उन्नत तकनीकों में बढ़त हासिल करने की होड़ तेज है। अमेरिका चाहता है कि भविष्य की अहम तकनीकों के लिए उसकी निर्भरता विदेशी कंपनियों पर कम हो और घरेलू कंपनियां मजबूत बनें।

**चीन पर सबसे ज्यादा असर क्यों पड़ेगा?**

प्रतिबंध सभी विदेशी कंपनियों पर लागू होगा, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर चीन पर पड़ने की उम्मीद है। वजह यह है कि चीन आज दुनिया का सबसे बड़ा रोबोट निर्माता और सबसे बड़ा बाजार बन चुका है।

2024 में चीन ने अपने कारखानों में 2.95 लाख औद्योगिक रोबोट लगाए, जबकि अमेरिका ने सिर्फ 34,200 रोबोट लगाए। यानी चीन ने अमेरिका से करीब 9 गुना ज्यादा रोबोट लगाए।

इस समय चीन के कारखानों में 20 लाख से ज्यादा औद्योगिक रोबोट काम कर रहे हैं, जबकि अमेरिका में इनकी संख्या करीब 3.94 लाख है।

अमेरिका में इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर औद्योगिक रोबोट जापान और यूरोप से आते हैं। लेकिन ह्यूमनॉइड रोबोट के क्षेत्र में चीन तेजी से सबसे आगे निकल चुका है। पिछले साल अमेरिका ही चीन में बने ह्यूमनॉइड रोबोट का सबसे बड़ा विदेशी खरीदार था।




जापान के प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची ने बताया कि कुमामोटो में आए 7.1 तीव्रता के भूकंप में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग अब भी लापता हैं और उन्हें निकालने के लिए राहत अभियान जारी है।

**बस्तर इम्पेक्ट**

सस्ता विज्ञापन और बेहतर व्यवसाय. अपने व्यवसाय का विस्तार करें.

आज ही बुकिंग कराएं पांच गुणा एक कॉलम बाक्स प्रतिमाह 500/- रु. मात्र

संपर्क करें -

विज्ञापन प्रबंधक दैनिक बस्तर इम्पेक्ट

फोन : 252528 फैक्स : 252111

# अतिक्रमण के कारण भर रहा था पानी, तोड़ा गया कब्जा

## धमतरी के शंकरदाह गांव में 10 अवैध निर्माण हटाया गया, जलभराव की समस्या दूर

**इम्पेक्ट न्यूज. धमतरी**

धमतरी में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम शंकरदाह में राजस्व, पुलिस और पंचायत की संयुक्त टीम ने करीब 10 अतिक्रमणों को हटाने के लिए बुलडोजर चलाया।

यह कार्रवाई पंचायत की शिकायत के बाद की गई। अवैध कब्जे के कारण लगातार पानी भर रहा था। इसकी शिकायत की गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही थी। आखिरकार प्रशासन ने तोड़फोड़ की कार्रवाई की और अवैध कब्जों को हटाया। अब जलभराव की समस्या दूर हुई है।





किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। प्रशासन की मौजूदगी में पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से अंजाम दिया गया। प्रशासन के अनुसार, सरकारी जमीन पर हुए इन अवैध अतिक्रमणों के कारण क्षेत्र में जल निकासी बाधित हो रही थी। इससे बारिश के दौरान गांव में जलभराव की गंभीर स्थिति बन जाती थी, जिसे दूर करने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी। ग्राम शंकरदाह में हुई इस कार्रवाई से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।

## ब्रेकिंग न्यूज...

### कोंडागांव जिले में पहली बार होगा इन्फ्लुएंसर मीट

**इम्पेक्ट न्यूज. कोंडागांव**

जिले में पहली बार जिला स्तरीय इन्फ्लुएंसर मीट हो रहा है। उद्देश्य जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक पर्यटन स्थल, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पाद, व्यवसायों को राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। जिले से जुड़ी प्रेरक कहानियां, सकारात्मक पहल को सोशल मीडिया से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना भी लक्ष्य है। इन्फ्लुएंसर मीट में कंटेंट क्रिएशन प्रतियोगिता होगी। प्रतिभागियों को अधिकतम एक मिनट का रचनात्मक वीडियो या रील बनानी होगी।

तय ऑनलाइन माध्यम से भेजनी होगी। विजेताओं को पहला पुरस्कार 10 हजार रुपए मिलेगा। दूसरा पुरस्कार 5 हजार रुपए मिलेगा। तीसरा पुरस्कार 2 हजार रुपए मिलेगा। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम 2 अगस्त को सुबह 11 बजे लाइवलीहुड कॉलेज, डोंगरीपारा में होगा। प्रतियोगिता के लिए 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने युवाओं, कंटेंट क्रिएटर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, फोटोग्राफर्स, वीडियो क्रिएटर्स से भाग लेने की अपील की है।

### डडसेना कलार समाज कोकपुर में किशोर जैन बने ग्राम प्रमुख, स्वागत किया गया

**इम्पेक्ट न्यूज. कांकेर**

डडसेना कलार समाज ग्राम कोकपुर में समाज की बैठक सौहार्दपूर्ण, लोकतांत्रिक वातावरण में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के नए ग्राम प्रमुख का निर्वाचन करना था। समाज के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता से मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। किशोर जैन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चिंता जैन को पराजित किया। उन्होंने ग्राम प्रमुख पद पर विजय प्राप्त की। वहीं उप प्रमुख पद के लिए समाज के सभी सदस्यों ने एकमत होकर डी. नारायण जैन को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया। निर्वाचन परिणाम की घोषणा के बाद उपस्थित समाजजनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर निवर्तमान ग्राम प्रमुख प्रेमलाल जैन ने नवनिर्वाचित ग्राम प्रमुख किशोर जैन को विधिवत प्रभार सौंपा।

उन्होंने सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित ग्राम प्रमुख किशोर जैन ने कहा कि यह जीत पूरे समाज के विश्वास, एकजुटता की जीत है। उन्होंने समाज की परंपराओं को सहेजते हुए शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा सहभागिता, महिला सशक्तिकरण, समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। उप प्रमुख डी. नारायण जैन ने भी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का विश्वास दिलाया।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जिला अस्पताल व मातृ व शिशु स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**इम्पेक्ट न्यूज. कांकेर**

लोक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांकेर प्रवास के दौरान कोमलदेव शासकीय जिला चिकित्सालय और अलबेलापारा स्थित मातृ व शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने हाल ही में शुरू की गई एमआरआई सेवा का अवलोकन किया। उन्होंने रोजाना आने वाले मरीजों की जानकारी ली। इसके पश्चात प्रथम तल स्थित आईपीडी कक्ष में भर्ती ग्राम बारदेवरी की कलावती प्रधान, लेंडारा की मलेरिया पीड़ित श्यामबाई यादव तथा प्रवीण तारम से मुलाकात की। उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इसके बाद मंत्री जायसवाल अलबेलापारा स्थित मातृ व शिशु स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा की। शिशु चिकित्सा कक्ष में मलेरिया से ग्रसित चौथी कक्षा के छात्र समीर उईके का हाल जाना।

उन्होंने शिशुओं की माताओं से चर्चा की। उन्होंने घर के आसपास साफ-सफाई रखने की सलाह दी।

## 5 हजार तहसीलों से 5 करोड़ हस्ताक्षर जुटाए ताकि सरकार गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दे

**कोंडागांव।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने तथा गौवंश के संरक्षण के लिए देशभर के संतों द्वारा चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत सोमवार को कोंडागांव में शांतिपूर्ण रैली निकाली गई। कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकारों से गौ माता के संरक्षण के लिए संवैधानिक रूप से प्रभावी कानून बनाने की मांग की गई।

निराश्रित गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। अभियान की शुरुआत सुबह 8 बजे सरस्वती शिशु मंदिर में विजय मंत्र के सामूहिक कीर्तन से हुई। इसके बाद संतों, गौसेवकों तथा अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण रैली निकाली। वे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यह राष्ट्रव्यापी जनजागरण कार्यक्रम भारतीय संस्कृति तथा गौ संरक्षण को समर्पित है। अभियान के पहले चरण में देशभर की लगभग 5,000 तहसीलों से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्र किए गए। ये हस्ताक्षर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों तथा राज्यपालों को सौंपे जा चुके हैं। अब अभियान का दूसरा चरण जिला स्तर पर चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक जिले में ज्ञापन सौंपकर जनसमर्थन जुटाया जा रहा है। ज्ञापन में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा प्रदान करने की मांग की गई। गौ संरक्षण के लिए प्रभावी तथा कठोर कानून बनाने की मांग की गई।



धमतरी जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। कई जगहों पर पर्यटन स्थलों और वनांचल क्षेत्रों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग बंद हो गए हैं। सड़कों और एनिकट पुलों पर पानी भर जाने से लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

# हेपेटाइटिस से बचाने जांच की, वैक्सीन लगाई

**इम्पेक्ट न्यूज. कोंडागांव**

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मंगलवार को जिला मुख्यालय में जनजागरूकता रैली निकाली गई। आयोजन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर हुआ। मार्गदर्शन सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी ने किया। रैली की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से हुई। नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने हरी झंडी दिखाई।

भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवंत चहल भी मौजूद रहे। रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरी। सीएमएचओ कार्यालय होते हुए डीएनके कॉलोनी पहुंचकर समाप्त हुई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के नर्सिंग छात्र-छात्राएं भी साथ रहे। सभी ने हाथों में जागरूकता संदेश वाली तख्तियां लीं। लोगों को हेपेटाइटिस से बचाव के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में बताया गया कि हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी, ई वायरस से होने वाली बीमारी है। यह दूषित भोजन से फैल सकती है। दूषित पानी से फैल सकती है।

संक्रमित सुई से फैल सकती है। असुरक्षित चिकित्सा उपकरणों के उपयोग से भी फैल सकती है। संक्रमण धीरे-धीरे लीवर को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। समय पर इलाज नहीं मिले तो जानलेवा हो सकता है। बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों में निशुल्क जांच की सुविधा है। टीकाकरण की सुविधा भी उपलब्ध है। बीएमओ डॉ. हरेंद्र बघेल ने जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों को लक्षण बताए। बचाव के तरीके बताए। समय पर जांच का महत्व समझाया। जिला अस्पताल की सीनियर स्टाफ नर्स हर्षा चौहान ने वायरल हेपेटाइटिस पर संगोष्ठी की।

गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण का महत्व बताया। नवजात शिशुओं के लिए टीकाकरण की जरूरत पर भी जानकारी दी। टीबी सलाहकार कांतेश देवांगन ने कहा कि संक्रमित सुई का दोबारा उपयोग न करें। एनसीडी सलाहकार शीला यादव ने बताया कि हेपेटाइटिस संक्रमित बीमारी है। डॉ. जे विनय जोवेल ने कहा कि यह दूषित इंजेक्शन से फैल सकती है।

# सरस्वती साइकिल योजना: केरावाही स्कूल में छात्राओं को साइकिलें निशुल्क दी गईं

**इम्पेक्ट न्यूज. कोंडागांव**

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केरावाही में मंगलवार को निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। पात्र छात्राओं को साइकिलें दी गईं। छात्राओं को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। उच्च शिक्षा के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत की सरपंच सगा बाई नेताम रहीं।

बली राम नेताम मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि फूलचंद बघेल रहे। कमलेश्वर विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पालक भी पहुंचे। संस्था प्रमुख श्रीमती गौरी मरकाम रहीं। शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। मुख्य अतिथियों ने कहा, राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना है। स्कूल तक पहुंच आसान बनाना है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। छात्राओं से साइकिल का सदुपयोग करने की अपील की गई। नियमित पढ़ाई करने का संदेश दिया गया। जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पहल की सराहना की। पालकों ने भी योजना को उपयोगी बताया। अंत में संस्था प्रमुख गौरी मरकाम ने अतिथियों का आभार जताया।

## सरपंच संघ अध्यक्ष नरेटी की जनपद सीईओ से भेंट

**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोंदल ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष शकुंतला नरेटी ने जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के नवपदस्थ सीईओ से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीण विकास, पंचायतों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात में ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति पर बात हुई। जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान पर भी विचार हुआ। शकुंतला नरेटी ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की अहम इकाई हैं। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों में बेहतर समन्वय से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुंच सकता है।

सीईओ ने सरपंच संघ की पहल की सराहना की। कहा कि जनपद पंचायत प्रशासन सभी ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय बनाकर काम करेगा।

# धमतरी में बाल अधिकार आयोग की कार्यशाला: बच्चों से नशीले पदार्थ मंगवाने पर होगी कड़ी कार्रवाई, 3 साल तक की सजा और 1 लाख जुर्माना

**इम्पेक्ट न्यूज. धमतरी**

धमतरी में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा %समझदार पालक, सशक्त प्रदेश% विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने बच्चों के अधिकारों और उनके सुरक्षित भविष्य को लेकर अभिभावकों को जागरूक किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति बच्चों से गुटखा, बीड़ी, सिगरेट या अन्य नशीले पदार्थ मंगवाता है, तो उसके खिलाफ धारा 77 के तहत तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस प्रावधान में अधिकतम 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 1 लाख तक का अर्थदंड हो सकता है।

**सकारात्मक अभिभावकत्व पर दिया गया प्रशिक्षण**



कार्यशाला में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। उन्हें बच्चों के समग्र विकास, सकारात्मक अभिभावकत्व, भावनात्मक और मानसिक विकास तथा व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के लिए सहभागितापूर्ण और मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

**बच्चों के व्यवहार को समझने पर जोर**

मनोवैज्ञानिक डॉ. गार्गी पांडे ने कहा कि माता-पिता का व्यवहार बच्चों के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और मानसिक विकास पर सीधा प्रभाव डालता है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के बदलते व्यवहार को समझने, उनसे प्रभावी संवाद स्थापित करने और सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।

**महापौर ने की पहल की सराहना**

महापौर रामू रोहरा ने राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और संस्कारित भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**बच्चों के अधिकारों की रक्षा सबकी जिम्मेदारी**

आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव उनके माता-पिता होते हैं। उन्होंने बच्चों के अधिकारों की रक्षा, संवेदनशील पालन-पोषण और समग्र विकास को परिवार और समाज की साझा जिम्मेदारी बताया।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ संवाद, स्नेह और विश्वास का वातावरण विकसित करने का आह्वान किया।

**नशे से दूर रखने का दिया संदेश**

डॉ. शर्मा ने दोहराया कि बच्चों को किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रखना प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई परिजन या अन्य व्यक्ति बच्चों से गुटखा, बीड़ी, सिगरेट या अन्य नशीले पदार्थ मंगवाता है और इससे बच्चों को नुकसान पहुंचता है, तो उसके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार्यशाला का उद्देश्य अभिभावकों को जागरूक और सशक्त बनाकर बच्चों के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और सकारात्मक पारिवारिक वातावरण तैयार करना रहा।

## विद्यालय के पास से शराब दुकान हटाने की मांग की

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय कन्या आवासीय विद्यालय 200 सीटर व बालक छात्रावास 100 सीटर के समीप संचालित विदेशी मदिरा दुकान को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने तहसीलदार को आवेदन सौंपा है। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष पूनम चंद तारम ने बताया कि विद्यालय व छात्रावास से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित मदिरा दुकान सुबह 10 से रात 10 बजे तक खुलती है। शराबियों द्वारा नशे में गाली-गलौज और शराबा करने से शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है। इससे विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा, गरिमा और मानसिक शांति प्रभावित हो रही है, जिससे विद्यार्थियों व अभिभावकों में भय का माहौल है।

# धमतरी के सोंढूर डैम के 5 गेट खुले: कैचमेंट एरिया में बारिश से बढ़ा जलस्तर, 5 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा





**इम्पेक्ट न्यूज. धमतरी**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में भारी बारिश के बाद सोंढूर बांध के पांच गेट खोल दिए गए हैं। बांध से सोंढूर नदी में 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कैचमेंट क्षेत्रों में लगातार वर्षा के कारण जलाशयों में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

धमतरी जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण सोंढूर, दुधावा और गंगरेल जलाशयों के कैचमेंट क्षेत्रों में पानी बढ़ गया है। जलाशयों के सुरक्षित संचालन, बाढ़ प्रबंधन और जलस्तर को सुरक्षित सीमा में बनाए रखने के उद्देश्य से यह जल प्रबंधन किया जा रहा है।

वर्तमान में सोंढूर जलाशय अपनी कुल क्षमता के 75.02 प्रतिशत पर है, जहां 2,205 क्यूसेक जल की आवक दर्ज की जा रही है। दुधावा जलाशय 81.14 प्रतिशत क्षमता पर है और इसमें 4,440 क्यूसेक पानी आ रहा है। वहीं, गंगरेल जलाशय 50.04 प्रतिशत क्षमता पर है, जिसमें 6,261 क्यूसेक जल की आवक हो रही है।

सोंढूर जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र में लगातार वर्षा से वर्तमान में 15,256 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है, जिसमें लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सोंढूर बांध से सोंढूर नदी में 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाया जा सकता है। इसके मद्देनजर सोंढूर नदी के किनारे बसे क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी प्रकार, दुधावा जलाशय में वर्तमान में 7,454 क्यूसेक पानी की आवक होने के कारण वहां से 3,000 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा जा रहा है, जो आगे गंगरेल जलाशय में पहुंचेगा। जल संसाधन विभाग पूरी स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाए जा रहे हैं।


## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

//मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना प्रथम बार (क.–06)//

क्रमांक/821 /निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2026–27 दन्तेवाड़ा दिनांक– 28/07/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल आमंत्रण निविदा प्राप्ति दिनांक **21/08/2026** तक आमंत्रित की जाती है :–

| स. क. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रू.लाख में) | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कृषि विज्ञान केन्द्र भवन जीर्णोद्धार कार्य एवं फार्मर हॉस्टल का जीर्णोद्धार कार्य **हारम** (विद्युतीकरण सहित) वि.खं.–गीदम | 33.08 लाख | दिनांक **21/08/2026** शाम 5.00 बजे तक |
| 2 | छू–लो आसमान में 15 नग शौचालय एवं 15 नग बाथरूम निर्माण कार्य **कारली** एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य **कारली** (सेनेटरी फिटिंग एवं वाल पेंटिंग–रैम्प एवं विद्युतीकरण सहित) वि.खं.–गीदम | 30.41 लाख | |
| 3 | आर.सी.सी. स्लेब पुलिया निर्माण कार्य तुमरीगुण्डा पंचायत भवन से डबीनगुण्डा मार्ग पर 300–1500–2000 मीटर, ग्राम–**तुमरीगुण्डा** | 18.02 लाख | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in में दिनांक 04/08/2026 से 18/08/2026 तक देखी/डाऊनलोड की जा सकती है ।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)

जी-262702423

संपादकीय...

# मेसी की विरासत दागदार

*फाइनल में अर्जेंटीना की टीम ना सिर्फ खराब खेली और हारी, बल्कि उसने शर्मनाक व्यवहार भी किया, इससे लायोनेल मेसी की विरासत दागदार हुई है। लेकिन कुल मिलाकर दागदार फुटबॉल का पूरा प्रशासन हुआ है।*

*डॉनल्ड ट्रंप के दौर में अमेरिका के अंदर और बाहर नियम-कायदों और मर्यादा को तार-तार करने गहराती गई संस्कृति का पूरा साया उसकी मेजबानी में हुए दुनिया के सबसे खेल आयोजन- यानी फुटबॉल कप पर नजर आया। 39 दिन तक चले टूर्नामेंट के दौरान ये धारणा फैली कि इस टूर्नामेंट पर ट्रंप युग और ट्रंपीय कायदों का साया पड़ा हुआ है। ट्रंप की इच्छाओं के आगे फीफा के घुटने टेकने और रेफरी तथा वीडियो एस्टिटैंट रेफरी (वीएआर) के लगातार अविश्वसनीय एवं खराब निर्णयों ने ऐसे संदेहों को लगातार बल प्रदान किया। स्वाभाविक है कि ऐसे फैसलों से बार-बार लाभान्वित हुई अर्जेंटीना की टीम बहुत से फुटबॉल प्रेमियों के गुस्से का निशाना बनी।*

*इस हद तक कि पहली बार ऐसा हुआ, जब बीच प्रतियोगिता के दौरान किसी टीम (अर्जेंटीना) को टूर्नामेंट से निकालने के लिए ऑनलाइन मुहिम चलाई गई, जिस अर्जी पर 60 लाख से ज्यादा लोगों ने दस्तखत किए। ये कथन आम हो गया कि अर्जेंटीना के खिलाफ मैदान में उतरी टीम को रेफरी और फीफा का भी मुकाबला करना पड़ रहा है। संभवतः अर्जेंटीना के खिलाड़ी भी मानने लगे कि उनकी पीठ पर ÷किसी÷ का हाथ है! तभी फाइनल मैच में स्पेन से 1-0 से हार को गले उतारना उनके लिए कठिन हुआ और खेल के सबसे बड़े मंच पर वे मारपीट पर उतारू हो गए। उचित ही उनके हिंसक व्यवहार की फुटबॉल की दुनिया में व्यापक रूप से निंदा की गई है।*

*यह सब अपनी उम्दा कलाबाजी के लिए मशहूर, इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक- लायोनेल मेसी के नेतृत्व में हुआ, जिससे उनके करोड़ों प्रशंसकों को ठेस पहुंची है। फाइनल मैच में उनकी टीम ना सिर्फ खराब खेली और पराजित हुई, बल्कि उसने शर्मनाक व्यवहार भी किया, इससे मेसी की विरासत दागदार हुई है। लेकिन कुल मिलाकर दागदार फुटबॉल का पूरा प्रशासन हुआ है। फीफा इस पर खुश है कि उसने इस टूर्नामेंट के जरिए आमदनी का रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन अनेक देशों की फुटबॉल एसोसिएशन और करोड़ों प्रशंसक इस 'खूबसूरत खेल' के सबसे बड़े टूर्नामेंट का बदसूरत आयोजन करने की उसकी भूमिका को लेकर फिलहाल विचलित हैं।*

# भगवान और भक्तों के नए भारत में लड़ाई संभव नहीं

बेचारे सोनम वांगचुक! सांस मोदी के हिंदू राष्ट्र में ले रहे हैं बावजूद इसके माने बैठे हैं कि 'जनमत को जागरूक करना और सत्ता में बैठे लोगों को समझाना, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं'। बारह वर्षों के अनुभवों में वांगचुक इतना भी नहीं समझ पाए कि मौजूदा हिंदू राष्ट्र के सिक्के के दो पहलू नहीं हैं। उसे इधर पलटिए या उधर, दोनों तरफ एक ही चेहरा है- नरेंद्र मोदी का। वही भक्तों के कलियुगी भगवान है। तभी हिंदू मानस में भगवान से जवाब-तलब नहीं होता, केवल पूजा, दर्शन और भक्ति होती है। तो कौन सा जनमत, कैसी जागरूकता और कैसी जवाबदेही? इस सत्य का सबूत हजार साला गुलामी भी है। राम मंदिर टूटा, आक्रमण हुए, अपमान और पराधीनता का लंबा दौर बीता, लेकिन बहुसंख्यक हिंदू समाज ने कभी अपने आराध्य से यह प्रश्न नहीं किया कि 'आपके रहते यह सब क्यों हुआ'? न ही उसके भीतर. दिमाग में यह आत्ममंथन बना कि हम हर संकट का समाधान स्वयं बनने के बजाय किसी भगवान, किसी अवतार, किसी उद्धारकर्ता की प्रतीक्षा में क्यों बैठे रहते हैं? इक्कीसवीं सदी के कथित हिंदू राष्ट्र का भी यही सत्य है। हिंदू अब नागरिक नहीं भीड़ और भक्त में कनवर्ट है। इसलिए क्योंकि नागरिक सवाल पूछता है, जवाबदेही मांगता है। वह सत्ता को अपने प्रति उत्तरदायी मानता है। जबकि भक्त प्रश्न नहीं करता; वह आस्था में जीता है और मोदी के हर निर्णय को भगवान की लीला माने रहता है।

इसलिए सोचें, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ सालों के चाल, चेहरे, चरित्र ने हिंदुओं को कैसा 'अवतार' दिया? सदियों से किसी उद्धारकर्ता की प्रतीक्षा करते समाज के सामने अंततः नरेंद्र मोदी ऐसे स्थापित हुए कि वे या तो भगवान हैं, या मोदी ही भारत और भारत ही मोदी है। मोदी के हिंदू राष्ट्र में उन्ही की, अकेली की एक केंद्रित सत्ता है, जिसके सामने राष्ट्रपति, मंत्रिमंडल, संसद और भाजपा जैसी राजनीतिक पार्टी सभी गौण है। मोहन भागवत हों या अमित शाह, राजनाथ सिंह हों या नितिन गडकरी; चुनाव आयोग हो, न्यायपालिका हो, मीडिया हो या नौकरशाही- सत्ता का पूरा तंत्र मोदी के रचित तीर्थ (दिल्ली में बने नए प्रधानमंत्री महल, नई दफ्तरी इमारतों, कथित तीर्थ) की परिक्रमा करता होता है। कृपा, वैधता, प्रतिष्ठा और राजनीतिक भविष्य सभी का मालिक एक अकेले नरेंद्र मोदी। वैसे कलियुगी हिंदू इसी लायक है भी। आखिर हम मानते भी है कि जैसी प्रजा वैसा राजा। तब भला आज की दैवीय व्यवस्था में लोकतंत्र, जनमत, जागरूकता और जवाबदेही जैसे शब्दों का मूल्य कौड़ी भर भी होगा? कतई नहीं। नागरिक की जगह अब भक्त है और संस्थाओं की जगह व्यक्ति पूजा है।

## डॉयलॉग बॉक्स

**जितनी ही अधिक शक्ति होगी उसका दुरूपयोग उतना ही अधिक भयावह (खतरनाक) होगा...**

## संवाद

**आम पाठकों के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अभिव्यक्ति का पन्ना आरक्षित है। आपकी पाती, समसमायिक घटनाओं पर विचार, लेख, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मसलों पर सुधि पाठकों का नजरिया पेश करने के लिए इसे रखा गया है।**

*लेखक केवल महानगरों नहीं बसते हैं। बस्तर भूमि में भी माटी से जुड़े विद्वानों की कमी नहीं है। हम चाहते हैं सभी को इस पन्ने में स्थान मिले और विचारों का आदान-प्रदान हो। यह संवाद आम पाठक और अखबार के बीच कायम रहे। विचारों से बस्तर में बदलाव आए, इन्हीं कामनाओं के साथ अभिव्यक्ति का यह अंक...*

*-संपादक*

**हमारा पता : संपादक**

दैनिक बस्तर इम्पेक्ट, सिटी आफिस -

एच-166/A, मां दंतेश्वरी नगर, आवराभाटा दंतेवाड़ा, पिन -494449

फोन नंबर : 07856-252024

email - editor@bastarimpact.0rg

# गांधी के गुजरात से ग्लोबल गुजरात : लोथल की विरासत से GIFT City के भविष्य तक

**रमेश जायभाये, उप निदेशक**

> **एक तरफ साबरमती के किनारे गांधी के विचारों की शांति, दूसरी तरफ GIFT City की गगनचुंबी इमारतों में गूंजती वैश्विक वित्त की हलचल; बीच में लोथल की 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत, अमूल की सहकारिता की ताकत, हाई-स्पीड रेल की तकनीकी रफ्तार और सैनंद में आकार लेता सेमीकंडक्टर युग-गुजरात की पांच दिवसीय यात्रा में छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने एक ऐसे भारत को करीब से देखा, जहां इतिहास केवल अतीत में नहीं, बल्कि भविष्य की नींव में भी जीवित है।**

किसी प्रदेश को समझने के लिए कभी-कभी उसके शहरों से ज्यादा उसके समय को देखना पड़ता है। गुजरात में यह समय एक साथ कई दिशाओं में चलता दिखाई देता है। लोथल में करीब 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री सभ्यता की स्मृतियां हैं, साबरमती में गांधी के विचारों की गूंज है, आनंद में सहकारिता आंदोलन की शक्ति है, सैनंद में सेमीकंडक्टर युग की दस्तक है और GIFT City में वैश्विक वित्त की महत्वाकांक्षा। इनके बीच सरदार पटेल की विराट प्रतिमा खड़ी है–एक ऐसे भारत की याद दिलाती हुई, जिसने एकता को अपनी ताकत बनाया और अब वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान गढ़ने की कोशिश कर रहा है।

यही गुजरात की सबसे दिलचस्प तस्वीर है–यहां इतिहास पीछे छूटता नहीं, बल्कि भविष्य की राह में साथ चलता है।

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित गुजरात अध्ययन दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने इन अलग-अलग पड़ावों को करीब से देखा और समझा। पांच दिनों के इस सफर में कभी महात्मा गांधी के जीवन और विचारों की स्मृतियों के बीच संवाद हुआ, कभी अमूल के माध्यम से गांव और किसान की आर्थिक शक्ति को समझने का अवसर मिला, तो कभी हाई-स्पीड रेल, सेमीकंडक्टर और अंतरराष्ट्रीय वित्त जैसे क्षेत्रों में भारत की बदलती आकांक्षाओं की झलक मिली।

इस सफर की खासियत शायद यही थी कि हर पड़ाव अगले पड़ाव से जुड़ता चला गया। साबरमती ने विचार दिया, आनंद ने सहकारिता की ताकत दिखाई, लोथल ने विरासत की गहराई बताई, हाई-स्पीड रेल ने तकनीकी महत्वाकांक्षा दिखाई, सैनंद ने औद्योगिक भविष्य की दस्तक सुनाई और GIFT City ने वैश्विक भारत की आर्थिक तस्वीर सामने रखी।

और फिर एकतानगर में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा के सामने खड़े होकर लगा कि इन सभी कहानियों के बीच एक अदृश्य सूत्र मौजूद है–एक ऐसा भारत, जो अपनी जड़ों को संभालते हुए दुनिया के सामने अपनी नई पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है।

**साबरमती : जहां शोर के बीच भी सुनाई देती है एक आवाज**

साबरमती आश्रम पहुंचते ही यात्रा जैसे कुछ पल के लिए ठहर गई। कैमरों और मोबाइल फोन की चहल-पहल के बीच भी एक अलग तरह की खामोशी महसूस होती थी। शायद इसलिए कि यह वह जगह थी, जहां कभी एक ऐसे व्यक्ति ने अपने प्रयोग किए थे, जिसकी आवाज बाद में पूरे देश की आवाज बन गई।

कोचरब आश्रम में महात्मा गांधी के शुरुआती वर्षों की कहानी सुनते हुए यह अहसास हुआ कि इतिहास हमेशा बड़ी घटनाओं से नहीं बनता। कभी-कभी वह एक छोटे से आश्रम, कुछ लोगों के सामूहिक जीवन और एक विचार से शुरू होता है।

साबरमती से निकलते हुए यह भी महसूस हुआ कि किसी देश का भविष्य केवल नई इमारतों और बड़ी परियोजनाओं से नहीं बनता। उसके पीछे विचारों की वह नींव भी होती है, जो समाज को दिशा देती है।

एक ही धरती पर गांधी का चरखा भी था और कुछ ही दूरी पर भविष्य की हाई-स्पीड रेल की तकनीक भी।

शायद गुजरात को समझने की पहली कुंजी यहीं मिल गई थी।

**आनंद : दूध की बूंदों में छिपी एक बड़ी कहानी**

आनंद में अमूल की कहानी सुनते हुए पत्रकारों के बीच सवाल-जवाब का सिलसिला कुछ अलग ही था। यहां कोई बड़ी-बड़ी आर्थिक शब्दावली नहीं थी। बात थी दूध की, पशुपालक की, गांव की और उस भरोसे की, जिसने एक सहकारी आंदोलन को देश के सबसे पहचानने योग्य ब्रांडों में बदल दिया।

अमूल की यात्रा और उसके व्यापक नेटवर्क के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. प्रीति शुक्ला ने बताया कि किस तरह सहकारिता की शक्ति ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार दिया। संवाद के दौरान एक बात साफ हुई–किसी ब्रांड की असली ताकत केवल उसके उत्पाद में नहीं होती। उसकी ताकत उस व्यवस्था में होती है, जो हजारों-लाखों लोगों को उससे जोड़ती है।

अमूल की कहानी सुनते हुए शायद कई पत्रकारों के मन में अपने-अपने गांव और वहां के दूध उत्पादक परिवारों की तस्वीर भी उभरी होगी।

गुजरात की इस यात्रा में यह महसूस हुआ कि विकास का अर्थ केवल बड़ी इमारतें नहीं हैं। कभी-कभी वह किसी किसान के घर की रसोई में भी दिखाई देता है।

**लोथल : इतिहास की मिट्टी से उठती समुद्र की खुशबू**

लोथल पहुंचने पर यात्रा जैसे अचानक बहुत पीछे चली गई। सामने आधुनिक भारत था, लेकिन जमीन के भीतर और इतिहास की परतों में हजारों साल पुरानी दुनिया सांस ले रही थी। करीब 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत की कहानी सुनते हुए यह कल्पना करना रोमांचक था कि जिस भारत को आज हम बंदरगाहों, समुद्री व्यापार और ब्लू इकॉनमी की बात करते सुन रहे हैं, उसके समुद्री संबंध कितने पुराने हैं।

लोथल में विकसित हो रहा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर इसी समृद्ध विरासत को आधुनिक तरीके से सामने लाने का प्रयास है। यहां इतिहास केवल संग्रहालय की वस्तु बनकर नहीं रहता, बल्कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, शोध, पर्यटन और समुद्री चेतना का माध्यम बनने की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई देता है।

लोथल से लौटते हुए एक सवाल मन में रह गया, क्या हम सचमुच नए भारत का निर्माण कर रहे हैं, या इतिहास में कहीं बहुत पीछे छूटे अपने ही पुराने भारत को नए रूप में फिर से खोज रहे हैं?

शायद दोनों बातें एक साथ सच हैं। जब गुजरात की सड़क पर भविष्य दौड़ता दिखाई दिया। हाई-स्पीड रेल परियोजना की चर्चा में आंकड़े थे, लेकिन उन आंकड़ों के पीछे एक रोमांच भी था।

सैकड़ों किलोमीटर लंबे वायाडक्ट, नदी पुल, पहाड़ों को काटती सुरंगें और भविष्य की रेल के लिए तैयार होता विशाल ढांचा–यह सब सुनते हुए मन में एक ही तस्वीर बनती थी।

एक दिन यही रास्ता खुलेगा और ट्रेन इतनी तेजी से गुजरेगी कि शायद आज की ये सुरंगें और पुल पीछे छूटते हुए सिर्फ कुछ सेकंड में दिखाई देंगे। लेकिन उस गति के पीछे आज हजारों इंजीनियर, तकनीशियन और श्रमिक अपना समय और कौशल लगा रहे हैं।

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल परियोजना की प्रगति को समझते हुए यह स्पष्ट हुआ कि भविष्य अचानक नहीं आता। उसे पहले जमीन के नीचे, फिर जमीन के ऊपर और अंततः लोगों की जिंदगी में बनाया जाता है।

वलसाड में पर्वतीय सुरंग का निर्माण पूरा होना, पालघर क्षेत्र में सुरंगों के निर्माण में प्रगति, नदी पुलों और वायाडक्ट का विस्तार–ये केवल इंजीनियरिंग उपलब्धियां नहीं हैं। ये उस भारत की तस्वीर हैं, जो अपनी परिवहन व्यवस्था को नई गति देने की तैयारी कर रहा है।

**सैनंद : जब भारत चिप बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है**

गुजरात की यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव सैनंद था, जहां से भारत के उभरते सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र की तस्वीर सामने आई।

सेमीकंडक्टर आज केवल एक औद्योगिक उत्पाद नहीं है। मोबाइल फोन से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा तकनीक और आधुनिक संचार व्यवस्था तक–लगभग हर महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्र इसकी उपलब्धता और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ा है।

सैनंद में विकसित हो रही सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमता ने यह संकेत दिया कि भारत अब केवल वैश्विक तकनीकी उत्पादों का बाजार बनने तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि उनकी मूल तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला में भी अपनी मजबूत जगह बनाना चाहता है।

यहां खड़े होकर गुजरात की यात्रा का एक और सूत्र समझ में आया–जिस प्रदेश ने कभी दूध की बूंदों को सहकारिता की ताकत में बदला, वही अब अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में अपनी नई पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है।

**जहां बातचीत अचानक डॉलर में होने लगती है**

GIFT City पहुंचते ही यात्रा की भाषा बदल गई। अब बात दूध की नहीं, डॉलर की थी। चर्चा गांव की सहकारिता से निकलकर वैश्विक पूंजी, बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट, बीमा, पूंजी बाजार, ट्रेजरी, विमान एवं पोत लीजिंग, व्यापार वित्त और सतत वित्त तक पहुंच गई थी।

GIFT City के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविचल खेरा और महाप्रबंधक जया चतुर्वेदी से संवाद के दौरान GIFT City के विकास और भविष्य की संभावनाओं की तस्वीर सामने आई। चर्चा का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह था कि भारत से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय गतिविधियों के लिए देश के भीतर ही एक प्रतिस्पर्धी मंच विकसित किया जाए।

कभी भारतीय कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय गतिविधियों के लिए सिंगापुर, दुबई, मॉरीशस या अन्य केंद्रों की ओर देखना पड़ता था। GIFT City का अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र इसी प्रकार की गतिविधियों को भारत में आकर्षित करने की दिशा में विकसित किया जा रहा है। यहां बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट, पूंजी बाजार, बीमा, ट्रेजरी, विमान एवं पोत लीजिंग तथा अन्य वित्तीय सेवाओं से जुड़ी गतिविधियां आकार ले रही हैं।

**एक पत्रकार ने सवाल पूछा—यदि यहां कर संबंधी प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं, तो देश को इसका लाभ कैसे मिलेगा?**

जवाब में चर्चा रोजगार, पूंजी और उस आर्थिक गतिविधि तक पहुंची, जो पहले देश से बाहर संचालित होती थी। किसी वित्तीय केंद्र का योगदान केवल उस कर से नहीं मापा जाता, जो वह आज जमा करता है। सवाल यह भी है कि वह कितनी आर्थिक गतिविधि देश में वापस लाता है, कितने रोजगार पैदा करता है और कितनी प्रतिभा को देश में रोकता है। यहीं GIFT City एक इमारत से बढ़कर एक विचार बन जाती है।

**IFSCA : वैश्विक वित्त को मिला एकीकृत नियामकीय आधार**

GIFT City की इमारतों और वित्तीय गतिविधियों के पीछे एक महत्वपूर्ण संस्थागत व्यवस्था भी काम कर रही है–अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (International Financial Services Centres Authority—IFSCA)

IFSCA के कार्यकारी निदेशक (विकास) डॉ. दीपेश शाह के साथ संवाद ने इस व्यवस्था के महत्व को समझने का अवसर दिया।

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र को वैश्विक पूंजी के 'इनबाउंड और आउटबाउंड गेटवे' के रूप में समझाया गया। अर्थात दुनिया से पूंजी भारत में आए और भारत से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय गतिविधियां वैश्विक बाजारों से जुड़ें–यह इसकी मूल अवधारणा है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में विदेशी मुद्रा में वित्तीय लेन-देन की सुविधा और एकीकृत नियामकीय व्यवस्था इसे घरेलू वित्तीय व्यवस्था से अलग विशिष्टता प्रदान करती है। लेकिन इस संवाद में एक और महत्वपूर्ण पक्ष सामने आया–प्रतिभा का भारत में रहना।

भारत के युवा यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर के वित्तीय और तकनीकी अवसर देश में ही पा सकें, तो वैश्विक अनुभव और भारतीय प्रतिभा का लाभ देश के भीतर ही मिल सकता है। इस दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र केवल वित्तीय केंद्र नहीं, बल्कि भविष्य के रोजगार और कौशल का संभावित केंद्र भी है।

यात्रा के इस पड़ाव ने यह समझने में मदद की कि विकसित भारत का सपना केवल पूंजी जुटाने से पूरा नहीं होगा। इसके लिए पूंजी के साथ प्रतिभा, तकनीक और संस्थागत क्षमता भी देश में विकसित करनी होगी।

**एकतानगर : बारिश के बीच सरदार पटेल के सामने**

पांच दिनों की यात्रा के अंतिम हिस्से में एकतानगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचना कुछ अलग ही अनुभव था। इस बार आसमान पर बादल थे और बारिश भी साथ चल रही थी। सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा के सामने खड़े होकर कैमरे क्लिक हो रहे थे, लोग तस्वीरें ले रहे थे, लेकिन कुछ क्षण ऐसे भी आए जब सब जैसे चुप हो गए। शायद इसलिए कि पिछले दिनों में देखी गई सारी तस्वीरें अचानक एक साथ सामने आ गई थीं।

गांधी का आश्रम।<br>
अमूल का किसान।<br>
लोथल का समुद्र।<br>
बुलेट ट्रेन की सुरंग।<br>
सैनंद का सेमीकंडक्टर।<br>
GIFT City की चमक।<br>
और सामने खड़े सरदार पटेल।

भारत की कहानी केवल अतीत की कहानी नहीं है और केवल भविष्य की भी नहीं। यह उन दोनों के बीच पुल बनाने की कहानी है।

**वापसी में साथ रह गई गुजरात की एक तस्वीर**

वापसी के समय गुजरात शायद पहले से थोड़ा अलग दिखाई दे रहा था। अब सड़क के किनारे गुजरते खेत केवल खेत नहीं थे। उनमें अमूल की कहानी दिखाई देती थी। दूर जाती ट्रेन केवल ट्रेन नहीं थी। उसमें हाई-स्पीड रेल का भविष्य दिखाई देता था। शहर की चमकती इमारतें केवल इमारतें नहीं थीं। उनमें GIFT City की वैश्विक महत्वाकांक्षा दिखाई देती थी। और किसी पुराने स्मारक की दीवार केवल इतिहास नहीं थी। उसमें लोथल और साबरमती की स्मृतियां सांस ले रही थीं। पांच दिन गुजर चुके थे। बारिश भी थम गई थी। लेकिन मन में कुछ सवाल अब भी थे।

क्या भारत अपनी प्राचीन समुद्री शक्ति को आधुनिक समुद्री अर्थव्यवस्था में बदल पाएगा?

क्या गांव की सहकारिता से लेकर वैश्विक वित्त तक विकास की यह यात्रा देश के हर हिस्से तक पहुंचेगी?

क्या GIFT City भारत को वैश्विक वित्तीय मानचित्र पर वह स्थान दिला पाएगी, जिसकी कल्पना की जा रही है?

और क्या आने वाला भारत अपनी विरासत को बचाते हुए उतनी ही तेजी से आगे बढ़ पाएगा, जितनी तेजी से उसकी हाई-स्पीड ट्रेन दौड़ने वाली है?

शायद इन सवालों के जवाब अभी भविष्य के पास हैं। लेकिन गुजरात की इस यात्रा ने एक बात जरूर दिखा दी–

भविष्य कहीं दूर खड़ा हमारा इंतजार नहीं कर रहा। वह गुजरात की सड़कों पर निर्माणाधीन है, खेतों में पनप रहा है, प्रयोगशालाओं में आकार ले रहा है, सुरंगों में रास्ता बना रहा है और GIFT City की ऊंची इमारतों में अपनी पहली मंजिलें तलाश रहा है।

गुजरात से लौटते समय साथ केवल तस्वीरें और यादें नहीं आईं। साथ आया एक ऐसा अनुभव, जिसमें गांधी की सादगी, अमूल की सहकारिता, लोथल की सभ्यता, सरदार पटेल की एकता और GIFT City की वैश्विक महत्वाकांक्षा एक ही कहानी के अलग-अलग अध्याय बन गए।

शायद यही इस पांच दिवसीय सफर का सबसे बड़ा हासिल था–गुजरात को एक प्रदेश की तरह नहीं, बल्कि भारत की एक ऐसी निरंतर कहानी की तरह देखना, जिसमें अतीत अपनी जगह बनाए रखते हुए भविष्य के लिए रास्ता तैयार कर रहा है।

# खैर, माफ करना 'एचो' यह कृतघ्न लोगों का देश है

**अजीत द्विवेदी**

उनको 'सर' कहा जाता है। लद्दाख की अपनी भाषा में 'कागा ली' यानी 'सर'। वे अभी 59 साल के हैं, लेकिन जब 30 साल के थे तब भी लद्दाख के ज्यादातर लोग उनको 'एचो' यानी बड़ा भाई कहते थे। वे अपनी उम्र के आधार पर बड़ा भाई नहीं कहे जाते हैं और न किसी स्कूल का अध्यापक होने के नाते 'सर' कहे जाते हैं। 'बड़ा भाई' और 'सर' ये दोनों उपाधियां उन्हें लद्दाख के लोगों ने देश, समाज और मानवता के प्रति उनके योगदान को देखते हुए उनके प्रति सहज स्नेह में दी है।

तभी जब शुक्रवार की रात को सोनम वांगचुक का एक वीडियो देखा, जिसमें वे इस बात की सफाई दे रहे थे कि उन्होंने किसी के साथ कोई डील नहीं की है और उन्हें किसी से अपनी पवित्रता का प्रमाणपत्र नहीं लेना है, तो बड़ी तकलीफ हुई। लगा कि हम कितने कृतघ्न लोग हैं, जिन्होंने एक ऐसे व्यक्ति को, जो बौनों की जमात में 'पूरा आदमकद' है, उसको ऐसी स्थिति में डाल दिया है!

फिर प्रोमिथियस की कहानी याद आई और मनुष्यों का उसके प्रति व्यवहार ध्यान आया। प्रोमिथियस को जब इंसानों की तकलीफ नहीं देखी गई तो उसने स्वर्ग से आग चुरा कर इंसानों को दिया था। इस काम से नाराज होकर जब स्वर्ग के देवताओं ने प्रोमिथियस को सलीब पर लटकाया तो इंसान उसकी तकलीफों पर ताली बजा रहे थे। यह इंसानी कृतघ्नता चिरंतन है। तभी सोनम वांगचुक के प्रति हमारी कृतघ्नता अपवाद नहीं हैं। परंतु वे ईसा मसीह की तरह इतने उदार तो हैं ही कि इंसानों के लिए कह सकें, 'हे प्रभु इन्हें माफ करना, ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं'। सचमुच जो लोग सोनम वांगचुक के लिए कह रहे हैं कि वे सरकार से मिले हुए थे, उन्होंने सरकार से समझौता कर लिया, वे सरकार के एजेंट हैं, उन्होंने कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के आंदोलन को कमजोर किया और अंत में सरकार से डील कर ली आदि आदि उनको नहीं पता है वे क्या कह रहे हैं। उनके नेता जिस समय यूरोप में छुट्टी मना रहे थे उस समय सोनम वांगचुक दिल्ली की 45 डिग्री की गर्मी में भूख हड़ताल पर बैठे। उन्होंने अच्छा कहा कि लद्दाख की कड़ाके की ठंड छोड़ कर वे दिल्ली की भीषण गर्मी में अनशन पर बैठे थे। क्या उस समय उद्धव ठाकरे की पार्टी के संजय राउत और राहुल गांधी की पार्टी के इमरान मसूद को समझ में आया था कि सोनम वांगचुक सरकार के एजेंट हैं?

अगर उनको समझ में आ गया था कि सोनम वांगचुक सरकार के एजेंट हैं और एक समय आने पर वे समझौता कर लेंगे तो उसी समय उन्होंने खुद का आंदोलन क्यों नहीं शुरू कर दिया? क्यों नहीं संजय राउत या इमरान मसूद भूख हड़ताल पर बैठ गए? सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि सोनम वांगचुक ने जो किया उसमें कांग्रेस या किसी दूसरी विपक्षी पार्टी का क्या योगदान है? क्या किसी ने उनका सहयोग किया, कोई उनके साथ बैठने गया, किसी ने उनका समर्थन किया? जब कुछ किया ही नहीं तो यह हिसाब किताब लेने का अधिकार किसने दे दिया कि वे किसके एजेंट हैं और क्यों समझौता कर लिया? क्या आपकी मंशा यह थी कि वे भूख हड़ताल पर मर क्यों नहीं गए?

ध्यान रहे सोनम वांगचुक किसी विपक्षी नेता के गुलाम नहीं हैं कि उनसे पूछ कर भूख हड़ताल शुरू करेंगे और उनसे पूछ कर हड़ताल समाप्त करेंगे। वे एक गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता हैं, एक श्रेष्ठ शिक्षक हैं, एक अनुसंधानकर्ता हैं, एक प्रयोगशील व्यक्ति हैं और सबसे ऊपर उनके अंदर बुद्ध की करुणा है। जिस समय कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने छात्रों को उनके हाल पर छोड़ दिया था उस समय सोनम वांगचुक को लगा कि देश के छात्र और युवा आक्रोश से भरे हैं और उनके गुस्से को एक सही दिशा देने की आवश्यकता है। इसलिए वे कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में शामिल हुए और आठ दिन तक हालात का आकलन करने के बाद 28 जून से भूख हड़ताल शुरू की। वे छात्रों और युवाओं के आंदोलन की नैतिक शक्ति थे। उनकी भूख हड़ताल ने देश भर के छात्रों को किसी न किसी रूप में इस आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। युवाओं में यह धारणा बनी कि लद्दाख से आकर एक व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के उनके लिए अपनी जान दांव पर लगा रहा है इसलिए उनको भी कुछ करना चाहिए।

अगर किसी को लग रहा है कि सोनम वांगचुक भूख हड़ताल नहीं करते तब भी 'जेन जी' इतना बड़ा आंदोलन कर देता तो वह मूर्खों के स्वर्ग में रह रहा है। उसे पता नहीं है कि इस देश में युवाओं के हर आंदोलन को नैतिक शक्ति वाले किसी बुजुर्ग ने ही दिशा दी है। आजादी की लड़ाई को गांधी ने, दूसरी आजादी की लड़ाई को जेपी ने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को अन्ना हजारे ने दिशा दी थी। ध्यान रहे 'जेन जी' के इस आंदोलन में भी किसी अभिजीत दिपके या आशुतोष रांका या सौरव दास का कोई मतलब नहीं है। ये सब छह जून को जंतर मंतर पर प्रदर्शन करके जा चुके थे और उसके बाद दिपके ने जयपुर में प्रदर्शन किया था, जहां उनके ऊपर हमला भी हुआ था। उसके बाद वे नागपुर गए थे। कहीं भी कोई ऐसा रिस्पांस नहीं मिला, जिससे लगे कि देश के युवा उनके साथ जुड़ रहे हैं। देश के छात्र और युवा सोनम वांगचुक की नैतिक आभा से इस आंदोलन से जुड़े। यह आंदोलन इतना बड़ा इसलिए हुआ क्योंकि सोनम वांगचुक ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चल कर अपना जीवन होम करने का निर्णय किया था। इसलिए यह देखना तकलीफदेह है कि उनके इस महान योगदान पर सवाल उठाए गए और उनको सफाई देनी पड़ी। सोनम वांगचुक सही अर्थों में गांधीवादी हैं। गांधी की तरह उनका जीवन ही उनका उपदेश है। दिल्ली में एक केंद्रीय विद्यालय से पढ़ाई और श्रीनगर एनआईटी से मैकेनिकल इंजीनियर की डिग्री लेकर अच्छी जगह नौकरी करने की बजाय वांगचुक 1988 में लद्दाख लौटे थे। उस समय सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की जो व्यवस्था थी और तरीका था उसमें सिर्फ पांच फीसदी लद्दाखी बच्चे बोर्ड की परीक्षा पास करते थे।

वहां सोनम वांगचुक ने 'स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख' शुरू किया। उन्होंने पढ़ाई का तरीका और शिक्षा की माध्यम भाषा दोनों को बदल दिया। उन्होंने परीक्षा में फेल हुए छात्रों के लिए 'स्कूल फॉर फेल्योर्स' शुरू किया।

न्यूज आस-पास...

## अवैध निर्माण पर की गई कार्रवाई

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर,उप अभियंता लोचन चौहान, अबरार खान एवं नगर निवेश विभाग टीम की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड कमांक 19 क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर गुड़ियारी में राकेश साहू द्वारा लगभग 1500 एवं गोमती वर्मा द्वारा लगभग 1200 वर्गफीट में किए अनुमति विपरीत निर्माण किया गया था । जिसे नियमानुसार 3 नोटिस की प्रकिया एवं अंतिम सूचना जारी करने के पश्चात अनुमति विपरित निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की गयी. इसके साथ ही साथ विकास नगर गैस गोडाउन के पास विवेक सिंहद्वारा लगभग 1200 वर्गफीट एवं पूजा सरावगी द्वारा लगभग 1200 वर्गफीट में निर्माणाधीन भवन को तोड़ने की कार्रवाई की गयी.

## किसानों को बांटे बैटरी संचालित स्प्रेयर

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

अनुसूचित जाति के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने की दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर ने महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान ने अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत बेलटुकरी गांव के 60 किसानों को बैटरी संचालित स्प्रेयर वितरित किए।इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराकर खेती की दक्षता बढ़ाना, कृषि लागत को कम करना और उत्पादन एवं आय में वृद्धि को बढ़ावा देना है।संस्थान के निदेशक डॉ. पी.के. राय ने अपने संदेश में कहा कि अनुसूचित जाति उपयोजना के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र, वैज्ञानिक तकनीक और क्षमता विकास कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आजीविका मजबूत करने के लिए संस्थान आवश्यकता आधारित तकनीकों और कृषि विस्तार गतिविधियों को प्राथमिकता दे रहा है।

## पुलिस की सतर्कता से चोरी की बाइक बरामद

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

राजधानी रायपुर की यातायात पुलिस ने सतर्कता और तकनीकी जांच के दम पर चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर सराहनीय सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई 26 जुलाई की शाम राम मंदिर वीआईपी चौक पर यातायात व्यवस्था के दौरान की गई।

जानकारी के अनुसार, क्यूआरटी-1 टीम में तैनात प्रधान आरक्षक रामूराम महिलांगे और आरक्षक संजय नेताम ने एक मोटरसाइकिल पर तीन युवकों को आते देखा। वाहन की नंबर प्लेट संदिग्ध लगी, क्योंकि आगे की नंबर प्लेट के अंतिम चार अंक मुड़े हुए थे और पीछे नंबर प्लेट ही नहीं थी। शक होने पर पुलिस ने बाइक को रोककर पूछताछ की, लेकिन चालक वाहन के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका।

इसके बाद पुलिस ने मोबाइल डिवाइस के माध्यम से वाहन के पंजीयन और तकनीकी विवरण की जांच की। शुरुआती जानकारी में वाहन किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत मिला, लेकिन संपर्क करने पर उसने बताया कि उसकी बाइक सुरक्षित घर पर खड़ी है। इसके बाद पुलिस ने चेचिस नंबर का मिलान किया।

40 साल...1 सुपरस्टार...1 दीवाना, बिलासपुर के चुट्टू अवस्थी की संजय दत्त के लिए ऐसी दीवानगी

# जिसने बना दिया छत्तीसगढ़ का असली संजू बाबा

**इम्पेक्ट न्यूज. बिलासपुर**

किसी अभिनेता का प्रशंसक होना आम बात है, लेकिन जब यही प्रशंसक चार दशक तक बिना किसी विराम के अपने चहेते सितारे का जन्मदिन मनाता रहे, उसे समाजसेवा से जोड़ दे और हर साल हजारों लोगों को उस जश्न का हिस्सा बनाए, तो वह केवल प्रशंसक नहीं, बल्कि मिसाल बन जाता है। बिलासपुर के मध्यनगरी चौक पर बुधवार को एक बार फिर ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों की गूंज, आसमान में उड़ते रंग-बिरंगे गुब्बारे, केक कटने की खुशियां और लोगों की भीड़ इस बात की गवाह बनी कि चुट्टू अवस्थी का अभिनेता संजय दत्त के प्रति प्रेम आज भी उतना ही गहरा है, जितना 40 वर्ष पहले था।

**15 साल की उम्र में लिया था एक संकल्प :** चुट्टू अवस्थी की यह अनोखी कहानी वर्ष 1986 में रिलीज हुई फिल्म नाम से शुरू हुई। फिल्म में संजय दत्त के अभिनय ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि महज 15 वर्ष की उम्र में उन्होंने एक संकल्प लिया–हर साल 29 जुलाई को अपने पसंदीदा अभिनेता का जन्मदिन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाएंगे। समय बदलता गया, दौर बदलते गए, लेकिन उनका यह संकल्प कभी नहीं बदला। आज लगातार 40 वर्षों से यह परंपरा बिना किसी रुकावट के जारी है।



**फैन नहीं, सेवा का पर्याय बन गए चुट्टू अवस्थी :** संजय दत्त के प्रति उनका प्रेम केवल पोस्टर, केक और बधाइयों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने इस अवसर को समाजसेवा का माध्यम बना दिया। हर वर्ष जन्मदिन के मौके पर अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और नेत्रहीन विद्यालयों में फल, मिठाइयां, भोजन और जरूरत का सामान वितरित किया जाता है।

कोरोना महामारी के कठिन दौर में भी उन्होंने इस परंपरा को नहीं छोड़ा और सफाईकर्मियों, जरूरतमंद परिवारों तथा गरीबों तक राशन, फल और सैनिटाइजर पहुंचाकर जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया।

**संजू बाबा की सलामती के लिए की विशेष पूजा :** चुट्टू अवस्थी की श्रद्धा केवल आयोजनों तक सीमित नहीं रही। हर वर्ष नवरात्रि में मरीमाई मंदिर में संजय दत्त की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाती है। जब वर्ष 2013 में संजय दत्त कठिन दौर से गुजर रहे थे, तब उनकी कुशलता के लिए महामृत्युंजय जाप और विशेष पूजा-अर्चना भी कराई गई थी।

**हर ऐतिहासिक पल को बनाया यादगार :** संजय दत्त की जेल से रिहाई का दिन हो या फिल्म %संजू% की रिलीज, चुट्टू अवस्थी ने हर खास अवसर को उत्सव का रूप दिया। रिहाई के बाद बिलासपुर में भव्य रैली निकालकर 100 किलो लड्डुओं का वितरण किया गया, वहीं फिल्म संजू के प्रदर्शन के दौरान उन्होंने पूरा थिएटर बुक कर शहरवासियों को निःशुल्क फिल्म दिखाई।

**एफआईआर भी नहीं रोक सकी उनका जुनून :** वर्ष 2025 में जन्मदिन आयोजन को लेकर एफआईआर दर्ज होने के बावजूद चुट्टू अवस्थी का उत्साह कम नहीं हुआ। उन्होंने कानून का सम्मान करते हुए अपनी परंपरा को सकारात्मक और सामाजिक स्वरूप में आगे बढ़ाया। उनके लिए यह आयोजन केवल एक अभिनेता का जन्मदिन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और सकारात्मक सोच का उत्सव है।

**पूरा शहर बना जश्न का सहभागी :** इस वर्ष भी मध्यनगरी चौक पर हजारों लोग इस अनूठे आयोजन में शामिल हुए। कंपनी गार्डन टाइगर ग्रुप, मध्यनगरी ग्रुप, ब्राह्मण समाज, विभिन्न सामाजिक संगठनों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने चुट्टू अवस्थी के इस समर्पण की सराहना की तथा अभिनेता संजय दत्त के स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना की।

**40 वर्षों की मिसाल :** आज जब प्रशंसक संस्कृति अक्सर सोशल मीडिया तक सीमित होकर रह गई है, ऐसे दौर में बिलासपुर के चुट्टू अवस्थी ने यह साबित किया है कि सच्ची प्रशंसकता केवल तालियां बजाने या तस्वीरें साझा करने में नहीं, बल्कि अपने आदर्श के नाम पर समाज के लिए कुछ अच्छा करने में है। यही वजह है कि आज लोग उन्हें केवल संजय दत्त का प्रशंसक नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ का असली संजू बाबा कहकर सम्मान देते हैं।

## लात नाला में कार समेत बहे दम्पत्ति की खोज जारी, नही मिला अब तक कुछ

**0 उफनते नाले में मुस्तैद आपदा राहत, पुलिस और प्रशासन की टीम**

**0 कलेक्टर ने घटनास्थल का किया दोबारा मुआयना**

**इम्पेक्ट न्यूज. सारंगढ़-बिलाईगढ़**

मूसलाधार बारिश के बीच लात नाला पर घटित दुःखद घटना पानी में कार समेत बहे दम्पत्ति (चालक देवनारायण पटेल एवं उनकी पत्नी) की तलाश में आपदा राहत, जिला प्रशासन और पुलिस की त्वरित व साहसिक कार्रवाई लगातार जारी है।

हादसे के 35 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की संयुक्त टीमें उफनती नदी के तेज बहाव और विकट परिस्थितियों की परवाह किए बिना युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू और पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बिना समय गंवाए खुद मोर्चा संभाला और सीधे ग्राउंड जीरो पर लगातार सोमवार और मंगलवार को आकर पूरी रेस्क्यू मुहिम का नेतृत्व किया।

अधिकारियों की टीम तत्परता और संवेदनशीलता के साथ जवानों का हौसला बढ़ाते हुए परिवार के संकट की घड़ी में मुस्तैद है। अमझर पुल सहित आसपास के दुर्गम क्षेत्रों में जवान और स्थानीय ग्रामीण और पीड़ित परिजन भी पुलिस व प्रशासन के प्रयासों में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। रेस्क्यू को गति देने के लिए बाहर से विशेषज्ञ गोताखोरों की टीम को तत्काल बुलाया गया है और सभी एजेंसियां समन्वय के साथ काम कर रही हैं।

## आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती की दावा आपत्ति आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बरमकेला के ग्रामीण क्षेत्रांतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र छोटे आमाकोनी, मुंगलीपाली एवं मेहरपारा का प्रकाशित अनंतिम मूल्यांकन पत्रक में जिस किसी अभ्यर्थी आवेदिकाओं को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो वे 29 जुलाई 2026 तक ऑनलाईन माध्यम से अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उल्लेखनीय है कि इन रिक्त पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण उपरांत अनंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया जाकर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन किया जा रहा है।

दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा, केवल कार्यालयीन स्तर से हुई लिपिकीय त्रुटि पर दावा आपत्ति मान्य होगा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और जगदलपुर विधानसभा से विधायक किरण सिंह देव सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। यूपी के झांसी से सटे ललितपुर में उनकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

## बदलते बस्तर का संदेश लेकर दिल्ली रवाना हुआ बस्तर का प्रतिनिधिमंडल

**राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात, बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति से कराएंगे परिचित**

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, सामाजिक परंपराओं और बदलते बस्तर की नई तस्वीर को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से बस्तर के परगना मांझी, चालाकी, समाज प्रमुख, बस्तर पंडुम-2026 के प्रसिद्ध जनजातीय युवा कलाकार, जनजातीय समाज प्रतिनिधि तथा बस्तर के पद्मश्री सम्मान प्राप्तकर्ताओं सहित 164 व्यक्तियों का प्रतिनिधिमंडल आज दिल्ली के लिए रवाना हुआ। यह प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात करेगा तथा बस्तर की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामाजिक व्यवस्था से उन्हें अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य राष्ट्रपति के समक्ष यह संदेश भी रखेंगे कि आज का बस्तर हिंसा और भय की पहचान से निकलकर शांति, विकास और विश्वास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। बस्तर के



युवा अपनी संस्कृति, परंपराओं और प्रतिभा के बल पर देशभर में नई पहचान बना रहे हैं। वे राष्ट्रपति को बताएंगे कि शासन की विकासोन्मुखी पहल और सुरक्षा बलों के सतत प्रयासों से नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में ऐतिहासिक सफलता मिली है, जिससे बस्तर में शिक्षा, पर्यटन, रोजगार और जनजीवन को नई गति मिली है।

प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति के प्रति बस्तरवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए संदेश देंगे कि अब बस्तर की पहचान केवल प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध जनजातीय संस्कृति ही नहीं, बल्कि शांति, विकास, लोकतांत्रिक भागीदारी और नई उम्मीदों से भी जुड़ चुकी है। बस्तर के युवा पूरे देश को बताएंगे कि नया बस्तर अवसरों, आत्मविश्वास और प्रगति का बस्तर है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दिल्ली रवाना हो रहे बस्तर के परगना मांझी, चालाकी, समाज प्रमुखों एवं युवा प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रतिनिधिमंडल केवल बस्तर का नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली विरासत का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन तक बस्तर की लोकसंस्कृति, रीति-रिवाज और सामाजिक मूल्यों की गूंज पहुंचना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। विजय शर्मा ने कहा कि आज का बस्तर बदल रहा है।

## गैरेज संचालक पर हमला करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**इम्पेक्ट न्यूज. रायगढ़**

रायगढ़ पुलिस के विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन हंट के तहत खरसिया पुलिस ने शराब के लिए पैसे मांगकर गैरेज संचालक और उसके साथियों से मारपीट करने वाले फरार आरोपी फैज खान उर्फ फैजान अहमद (25) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम पर वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का कड़ा भी बरामद कर जब्त किया है। मामले में शामिल दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार, ग्राम छोटे मुड़पार निवासी विनोद रायल (32) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 जनवरी 2026 की रात वह अपने मित्र रोहन जांगड़े को कार से मौहापाली छोड़कर लौट रहा था। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार फैज खान, अमनप्रीत, करतार और फरीद ने उसकी कार रुकवाई और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। पैसे नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों व लात-घूंसों से हमला कर दिया।

## विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, धरमपुरा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, संक्रमण के माध्यम, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आयुष विभाग की दीपिका जोशी ने हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी एवं ई के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए संक्रमण से बचाव के उपाय बताए।

उन्होंने हेपेटाइटिस-बी से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण, सुरक्षित इंजेक्शन का उपयोग, जांचे हुए रक्त का उपयोग तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने पर विशेष जोर दिया। चेतन चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी, जगदलपुर की कनक कश्यप ने एचआईवी तथा एड्स के संक्रमण, रोकथाम एवं जागरूकता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जानकारी अपनाने और भ्रांतियों से दूर रहने का आह्वान किया।

विद्यालय की प्राचार्य अंबिका ध्रुव ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, व्यक्तिगत एवं आसपास के वातावरण में स्वच्छता बनाए रखने तथा संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति सदैव जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, जगदलपुर के प्रभारी बी. एस. ध्रुव ने किया।

## रायपुर कोर्ट में फर्जी जमानतदार गिरोह पर कार्रवाई

**कूटरचित दस्तावेजों के सहारे जमानत कराने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार**

**इम्पेक्ट न्यूज. रायपुर**

रायपुर पुलिस ने न्यायालय में फर्जी ऋण पुस्तिका और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों की जमानत कराने वाले गिरोह के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए तीन महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर स्वयं को जमानतदार के रूप में प्रस्तुत कर न्यायालय को गुमराह करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, न्यायालय परिसर में फर्जी ऋण पुस्तिका के माध्यम से आरोपियों की जमानत कराए जाने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस



उपायुक्त (मध्य) तारकेश्वर पटेल के निर्देश पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने जांच शुरू की। इस दौरान थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 401/2026 एवं 402/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (ब्हस) की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 238 एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ महिलाएं फर्जी ऋण पुस्तिका के जरिए न्यायालय में आरोपियों की जमानत ले रही हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने न्यायालय परिसर में पहुंचकर जांच की, जहां तीन महिलाएं ऋण पुस्तिका में काट-छांट कर उसे जमानत के लिए उपयोग करती मिलीं। पूछताछ में तीनों महिलाओं ने फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर विभिन्न न्यायालयों में आरोपियों की जमानत कराने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।





रायपुर में लगातार बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ, तथा यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही।

बॉटम न्यूज...

## ऑपरेशन क्लीन हंटः फरार गांजा तस्कर चन्द्रमणी गिरफ्तार

**इम्पेक्ट न्यूज. रायगढ़**

रायगढ़ पुलिस के विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन हंट के तहत पूंजीपथरा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में कई महीनों से फरार चल रहे गांजा तस्कर चन्द्रमणी उर्फ चिंतामणी यादव (35) को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। एसएसपी ने कहा कि ऑपरेशन क्लीन हंट के तहत फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में ग्राम तुमीडीह महुआ चौक, पठान कॉलोनी के पास घेराबंदी कर कार्रवाई की गई थी। उस दौरान द्व20 कार में सवार खिरोधर यादव और पुरुषोत्तम यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.728 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत ?24,500, तथा ?5,000 नकद बरामद किए गए थे। कुल 29,500 की जब्ती कर दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत जेल भेज दिया गया था, जबकि



तीसरा आरोपी चन्द्रमणी यादव मौके से फरार हो गया था। विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपी पुरुषोत्तम यादव ने खुलासा किया कि फरार हुआ व्यक्ति चन्द्रमणी यादव ही था, जो गांजा बिक्री के उद्देश्य से उनके साथ आया था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य जुटाकर उसकी संलिप्तता प्रमाणित की और लगातार मुखबिर तंत्र सक्रिय रखा।

हाल ही में आरोपी के अपने गांव आने की सूचना मिलने पर पूंजीपथरा पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा तस्करी में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली, जिसके बाद तस्करी में प्रयुक्त द्व20 कार भी जब्त कर ली गई।

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन क्लीन हंट केवल फरार आरोपियों की गिरफ्तारी का अभियान नहीं, बल्कि अपराधियों के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि कानून से भागकर कोई भी बच नहीं सकता। नशे पर प्रभावी अंकुश लगाने और युवाओं को नशे के जाल से बचाने के लिए रायगढ़ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# राज्यसभा में पास हुआ वंदे मातरम् बिल, अपमान करने पर तीन साल तक की जेल का प्रावधान

**लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के भाषण को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी दिखी**

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

राज्यसभा ने 'राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक, 2026। पारित कर दिया है. इस संशोधन के तहत 'वंदे मातरम के अपमान से जुड़े प्रावधानों को कानूनी संरक्षण मिलेगा. कानून का मकसद वंदे मातरमा को भी राष्ट्रगान ।जन गण मना की तरह ही कानूनी सुरक्षा देना है. इस कानून के लागू होने के बाद अगर कोई जानबूझकर ।वंदे मातरम का अपमान करता है या गीत में रुकावट डालता है तो उसे 3 साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बिल पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिल में किया गया संशोधन केवल एक विधायी बदलाव नहीं है. उन्होंने कहा कि यह भारत की आत्मा, राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बीजेपी सांसद विनोद तावड़े ने एक्स पर पोस्ट में कहा, वंदे मातरम् का सम्मान, भारत का अभिमान! जिस मंत्र ने, जिस जय घोष ने देश की आजादी के आंदोलन को ऊर्जा दी, प्रेरणा दी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया, उस राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का गर्व के साथ पुण्य स्मरण करना हमारा बहुत बड़ा सौभाग्य है. उन्होंने कहा, ।आज राज्यसभा में पारित हुआ ।राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 भारत के सांस्कृतिक गौरव को पुनर्स्थापित करने का मोदी सरकार के संकल्प का प्रतिबिंब है।



**विपक्ष ने विधेयक पर चर्चा के दौरान हंगामा क्यों किया? :** दोपहर के सत्र में जैसे ही राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी दलों ने दिल्ली में हृश्वश्वज्ञ पेपर लीक प्रदर्शनकारियों पर कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जवाब की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। उपसभापति हरिवंश ने प्रदर्शन कर रहे सदस्यों से सदन की मर्यादा और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। इसके बावजूद विरोध जारी रहा। हंगामे के बीच उपसभापति ने सूचीबद्ध कार्यवाही जारी रखी और विधेयक पर चर्चा शुरू कराई। बाद में जब केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले विधेयक पर बोल रहे थे, तब विपक्षी दल सदन से वॉकआउट कर गए।

**नए कानून में क्या-क्या प्रावधान जोड़े गए हैं? :** संशोधन विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय गीत को भी उसी तरह कानूनी सुरक्षा देना है, जैसी सुरक्षा राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान को पहले से प्राप्त है। इसके तहत वंदे मातरम का अपमान, उसके गायन में जानबूझकर बाधा डालना या राष्ट्रीय सम्मान के खिलाफ माने जाने वाले कृत्य कानून के दायरे में आएंगे। विधेयक में राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान से जुड़े अपराधों के लिए अधिकतम तीन वर्ष तक की जेल का प्रावधान रखा गया है।

**वंदे मातरम् को लेकर आगे किस बात पर चर्चा हो सकती है? :** वंदे मातरम की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी और बाद में इसे उनके उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया। आजादी के आंदोलन के दौरान यह राष्ट्रीय चेतना का प्रमुख प्रतीक बना और बाद में इसे भारत का राष्ट्रीय गीत का दर्जा मिला। नए संशोधन के बाद यह बहस भी तेज हो सकती है कि कानून में अपमान और बाधा की परिभाषा क्या होगी तथा क्या इसमें जानबूझकर व्यवधान पैदा करने और किसी व्यक्ति के राष्ट्रीय गीत के गायन में शामिल न होने के बीच स्पष्ट अंतर किया जाएगा।

**लोकसभा में एंटी पेपर लीक बिल पास :** उधर, लोकसभा में एंटी पेपर लीक बिल भी पास हो गया है. मॉनसून सत्र में लंबी चर्चा के बाद ध्वनि मत से यह बिल पास हो गया है. इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर नोकझोंक भी हुई. लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के भाषण को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी दिखी. स्पीकर ओम बिरला ने एंटी पेपर लीक बिल के पारित होने का ऐलान किया और कल तक (गुरुवार) के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।



भोपाल। मूंग खरीदी, ई-टोकन सिस्टम और अन्य लंबित मांगों को लेकर नर्मदापुरम संभाग से आए करीब दो हजार किसानों का आंदोलन राजधानी भोपाल में तेज हो गया है।किसान शहर में प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए। पुलिस और प्रशासन ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

## संजय दत्त के 67वें जन्मदिन पर बहन प्रिया दत्त हुईं भावुक, बोलीं- 'आपने मां और पिता दोनों की कमी पूरी की'

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**



बॉलीवुड के दमदार अभिनेता संजय दत्त बुधवार को अपना 67वां जन्मदिन मना रहे है। इस मौके पर उनके परिवार के हर सदस्य ने उन्हें खास अंदाज में शुभकामनाएं दीं। सबसे ज्यादा चर्चा उनकी बहन प्रिया दत्त के पोस्ट की हो रही है, जिसमें उन्होंने संजय दत्त को माता और पिता की तरह सपोर्ट करने वाला बड़ा भाई बताया। प्रिया दत्त ने इंस्टाग्राम पर एक पुराना वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि माता-पिता के जाने के बाद संजय दत्त ने परिवार में मां और पिता दोनों की कमी को पूरा किया। उन्होंने कहा कि उस मुश्किल दौर में संजय ही परिवार की सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आए।

वीडियो में प्रिया कहती हैं, ÷उन्होंने मां और पिता, दोनों की कमी को बहुत खूबसूरती से पूरा किया। हम सभी छोटी बहनें थीं और भैया ही परिवार में कमाने वाले पहले सदस्य थे। हमें हर साल रक्षाबंधन का बेसब्री से इंतजार रहता था कि इस बार भैया हमें क्या गिफ्ट देंगे।÷

वीडियो के साथ प्रिया ने एक भावुक कैप्शन भी लिखा। उन्होंने कहा, ÷कुछ रिश्ते समय के साथ और भी मजबूत हो जाते हैं और हमारा रिश्ता भी ऐसा ही है। जिंदगी हमें जहां भी ले गई, परिवार हमेशा हमारी सबसे बड़ी ताकत रहा। मैं आभारी हूं कि हमने यह सफर हमेशा साथ तय किया।÷

उन्होंने आगे लिखा, ÷ऐसे ही मजबूत, ख्याल रखने वाले और हमेशा खुद के प्रति सच्चे रहने वाले भाई होने के लिए आपका धन्यवाद। मैं कामना करती हूं कि यह साल आपके लिए अच्छा स्वास्थ्य, ढेर सारी खुशियां, नई यादें और ढेर सारा प्यार लेकर आए, जिसके आप हकदार हैं। आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। संजय दत्त के जन्मदिन पर उनके बच्चों ने भी उन्हें खास अंदाज में शुभकामनाएं दीं। उनके जुड़वां बेटे शहरान दत्त, बेटी इकरा दत्त और बड़ी बेटी त्रिशाला दत्त ने सोशल मीडिया पर अपने पिता के लिए प्यार भरे पोस्ट साझा किए। शाहरान दत्त ने अपने पिता के साथ एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दोनों वाइट कलर के ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। संजय दत्त ने अपने लुक को सनग्लासेस के साथ पूरा किया और दोनों कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज देते दिखाई दिए।

तस्वीर के साथ शाहरान ने लिखा, ÷दुनिया के सबसे बेहतरीन पापा को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हर समय मेरा साथ देने, मेरा हौसला बढ़ाने और हर दिन मुझे प्रेरित करने के लिए आपका धन्यवाद। मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य, ढेर सारी खुशियों और आने वाले कई शानदार वर्षों की कामना करता हूं। हमेशा आपसे प्यार करता हूं।÷

बेटे की इस पोस्ट पर संजय दत्त ने भी प्यार भरा जवाब दिया। उन्होंने लिखा, ÷आई लव यू और मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ा रहूंगा, बेटे।÷

बता दें कि संजय दत्त ने साल 2008 में अभिनेत्री मान्यता दत्त से शादी की थी। अक्टूबर 2010 में दोनों जुड़वां बच्चों, बेटे शाहरान और बेटी इकरा के माता-पिता बने। मान्यता से शादी से पहले संजय दत्त की शादी अभिनेत्री ऋचा शर्मा से हुई थी। इस शादी से उनकी एक बेटी त्रिशाला दत्त हैं। साल 1996 में लंबे समय तक ब्रेन ट्यूमर से जूझने के बाद ऋचा शर्मा का निधन हो गया था।

## शुरू हुई 'हब एंड स्पोक' उड़ान सुविधा

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

नागर विमानन मंत्रालय ने अमृतसर से 'हब एंड स्पोक' अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन सुविधा का औपचारिक शुभारंभ कर दिया है। इसके साथ ही अमृतसर देश का दूसरा हवाई अड्डा बन गया है, जिसे भारत के प्रारंभिक 'हब एंड स्पोक' अंतरराष्ट्रीय विमानन नेटवर्क में शामिल किया गया है। इससे पहले 25 जून 2026 को वाराणसी से इस प्रणाली की शुरुआत की गई थी। यह पहल भारत को वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में विकसित करने की केंद्र सरकार की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मॉडल के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों से आने वाले यात्रियों को भारतीय हब हवाई अड्डों के जरिए दुनिया के अनेक देशों तक निर्बाध और सुविधाजनक यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री राम मोहन नायडू ने वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'हब एंड स्पोक' केवल विमानन संचालन का मॉडल नहीं, बल्कि भारत के विमानन क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली इस व्यवस्था का केंद्रीय हब होगा, जबकि अमृतसर पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के यात्रियों के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि अमृतसर का प्रवासी भारतीय समुदाय से गहरा जुड़ाव है और यहां से बड़ी संख्या में लोग विदेश यात्रा करते हैं। इस नई व्यवस्था से उन्हें पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक और तेज़ अंतरराष्ट्रीय संपर्क मिलेगा।



गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर बुधवार को रामनगरी अयोध्या आस्था और श्रद्धा के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आई। तड़के भोर से ही बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू नदी केघाटों पर पुण्य स्नान किया।

## क्रेडिट कार्ड का बिल भरने के लिए वीकेंड पर रैपिडो चलाने लगा सॉफ्टवेयर इंजीनियर

**एजेंसी न्यूज. बेंगलुरु**

आईटी सिटी बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपना भारी-भरकम क्रेडिट कार्ड बिल भरने और अतिरिक्त कमाई करने के लिए वीकेंड पर रैपिडो बाइक चलाना शुरू किया। शुरुआत में सब कुछ बहुत अच्छा रहा, लेकिन एक दिन एक राइड के दौरान हुए कड़वे अनुभव और मारपीट ने उसकी आंखें खोल दीं। रेडिट पर अपनी यह आपबीती साझा करते हुए इंजीनियर ने बताया कि कैसे इस एक घटना ने गिग वर्कर्स (ऐप आधारित कैब और बाइक ड्राइवर) के प्रति उसका नजरिया पूरी तरह से बदल दिया। इस वायरल पोस्ट को पढ़कर लोग अब राइड-हेलिंग ड्राइवर्स की रोजाना की परेशानियों और जोखिमों पर गंभीरता से चर्चा कर रहे हैं।

क्रेडिट कार्ड का बिल चुकाने के लिए शुरू की पार्ट-टाइम ड्राइविंग रेडिट पर किए गए अपने पोस्ट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने बताया कि किराए के कमरे का खर्च उठाने और घर की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के दौरान उस पर क्रेडिट कार्ड का एक भारी बिल बकाया हो गया था। किसी से पैसे उधार मांगने के बजाय उसने अपने खाली समय का सही इस्तेमाल करने की सोची। चूंकि उसे बाइक चलाने का शौक था और वीकेंड पर उसके पास काफी समय होता था, इसलिए उसने रैपिडो और उबर कैप्टन के तौर पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया और वीकेंड पर कुछ घंटे राइड्स लेनी शुरू कर दीं।

इंजीनियर ने बताया कि शुरुआती कुछ हफ्तों में उसका यह प्रयोग काफी अच्छा रहा और उसने शानदार कमाई भी की। करीब 20 राइड्स पूरी करने के दौरान ज्यादातर यात्री बेहद अच्छे और सहयोगी मिले, जिसे देखकर उसे हैरानी हुई कि ज्यादा लोग वीकेंड पर इस तरह अतिरिक्त कमाई क्यों नहीं करते। लेकिन जल्द ही एक वीकेंड पर उसकी यह खुशफहमी टूट गई, जब वह एक यात्री को पिक करने पहुंचा। वहां यात्री के एक साथी ने बिना किसी ठोस वजह के उससे राइड कैंसिल करने को कहा।

जब इंजीनियर ने नियम समझाते हुए बताया कि अपनी तरफ से राइड कैंसिल करने पर कैप्टन पर जुर्माना लगता है और यह कैंसिल ग्राहक को ही अपने ऐप से करना होगा, तो उस शख्स ने बहस शुरू कर दी।

## प्रकृति संरक्षण ही कल्याण का आधार : मोदी

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रकृति के संरक्षण और उसके प्रति सम्मान को मानवता के कल्याण का मूल आधार बताते हुए भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के मूल्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन परंपराएं हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने तथा धर्मसम्मत आचरण अपनाने की प्रेरणा देती हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में एक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए प्रकृति, ऋतुओं, समय और धर्म के साथ संतुलित जीवन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति और जीवन के बीच गहरे संबंध को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा साझा किया गया संस्कृत सुभाषित इस प्रकार है–

लोकपालाश्च ते सर्वे वासवप्रमुखास्तथा।<br>
ऋतवः षट् च ते सर्वे मासाः संवत्सराः क्षपाः॥<br>
दिनानि च मुहूर्ताश्च स्वस्ति कुर्वन्तु ते सदा।<br>
श्रुतिः स्मृतिश्च धर्मश्च पातु त्वां पुत्र सर्वतः॥

## मोदी ने कांस्य पदक विजेता बिंद्या रानी देवी सोरोखाइबम को दी बधाई

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 की महिलाओं की 58 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी सोरोखाइबम को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने उनकी उपलब्धि को भारतीय खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिंद्यारानी देवी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का सम्मान बढ़ाया है। पीएममोदी ने सामाजिक माध्यम एक्स पर जारी अपने संदेश में लिखा कि भारोत्तोलन में भारत ने एक और पदक अपने नाम किया है। उन्होंने महिलाओं की 58 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बिंद्यारानी देवी सोरोखाइबम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सफलता कठोर मेहनत का प्रतिफल है।

## आजीवन सजा काट रहे कैदी ने जलती हुई भट्टी में लगाई छलांग, मौके पर ही दर्दनाक मौत

**बिलासपुर सेंट्रल जेल में सनसनी! , कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह पुलिस अधिकारियों के साथ सेंट्रल जेल पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया**

**एजेंसी न्यूज. बिलासपुर**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर सेंट्रल जेल से बुधवार को एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई। डबल मर्डर मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी बृजेश उर्फ राहुल ने जेल परिसर में स्थापित गैसीफायर प्लांट की जलती भट्ठी में छलांग लगा दी। घटना में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह पुलिस अधिकारियों के साथ सेंट्रल जेल पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एफएसएल और पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है।




**गैसीफायर प्लांट में कैसे हुआ हादसा?** जेल परिसर में लकड़ियों से गैस बनाने के लिए गैसीफायर प्लांट संचालित होता है। इसी गैस का उपयोग जेल की रसोई में भोजन पकाने के लिए किया जाता है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्लांट की भट्ठी चालू थी। इसी दौरान कैदी अचानक वहां पहुंचा और देखते ही देखते जलती भट्ठी में कूद गया। जेलकर्मियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल :** घटना ने हाई सिक्योरिटी सेंट्रल जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक सजायाफ्ता कैदी गैसीफायर प्लांट जैसे संवेदनशील हिस्से तक कैसे पहुंच गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना के समय कौन-कौन कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात थे और कहीं सुरक्षा में लापरवाही तो नहीं हुई।

**पहले भी विवादों में रही है सेंट्रल जेल :** बिलासपुर सेंट्रल जेल पहले भी बंदियों के बीच मारपीट, संदिग्ध मौत, मोबाइल और प्रतिबंधित सामान की बरामदगी जैसी घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रही है। ताजा घटना के बाद जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है।

फिलहाल पुलिस महकमा पूरे मामले की जांच कर रही है। कैदी के इस कदम के पीछे की वजह, सुरक्षा में संभावित चूक और घटनाक्रम की विस्तृत पड़ताल जारी है। जेल प्रशासन की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार है।

**बॉटम न्यूज...**

## पत्रकारिता में अखिलेश शुक्ला को 40 अंडर 40 सम्मान

**यूपी के डिप्टी सीएम के हाथों शहडोल के अखिलेश का सम्मान**

**इम्पेक्ट न्यूज. शहडोल**

जिले के ग्राम एताझर निवासी अखिलेश शुक्ला ने प्रदेश का नाम रोशन किया है. उन्हें एक्सचेंज4मीडिया एवं समाचार 4मीडिया संस्थान की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित पत्रकारिता 40 अंडर 40 अवार्ड प्रदान किया गया है. सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सोमवार 28 जुलाई को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक के हाथों पुरस्कार प्राप्त करने वाले अखिलेश शुक्ला ई टीवी भारत के संवाददाता हैं. वह वन, पर्यावरण, कृषि एवं जीव जंतुओं तथा ग्रामीण पत्रकारिता की अपनी विशिष्ट शैली के लिए पहचाने जाते हैं. आदिवासी बाहुल्य शहडोल के विचारपुर गांव की ग्रामीण फुटबाल प्रतिभाओं पर केंद्रित उनकी ख़बर के बाद उसे मिनी ब्राजील गांव नाम से ख्याति मिली. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में मिनी ब्राजील गांव के फुटबाल खिलाड़ियों का उल्लेख किया. इसके बाद गांव के कई खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए जर्मनी भेजा गया. अखिलेश शुक्ला ने अपने करियर की शुरुआत ज़ी 24 घंटे छत्तीसगढ़ से की थी. हालांकि उन्होंने टीवी और एंकरिंग करने के बजाय ग्रामीण पत्रकारिता को प्राथमिकता दी. उन्होंने पुरस्कार श्रद्धेय मीडिया के युगदृष्टा श्री रामोजी राव तथा ई टीवी भारत समूह को समर्पित किया है. उन्होंने कहा, इस सम्मान से उन्हें पर्यावरण के प्रति बेहतर लेखन के लिए प्रेरणा मिलेगी.




समाचार4मीडिया पत्रकारिता 40 अंडर 40 देश के उन युवा पत्रकारों को सम्मानित करने का प्रतिष्ठित मंच है, जिन्होंने अपनी मेहनत, प्रतिभा और उत्कृष्ट कार्य के दम पर पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। 40 अंडर 40 मतलब देश के 40 साल के अंदर के 40 बेस्ट पत्रकार, जिसे पूरे देशभर से चुना जाता है, इसके लिए इस वर्ष भी हिन्दुस्तान के एडिटर-इन-चीफ शशि शेखर ने जूरी चेयर की भूमिका निभाई। प्रतिष्ठित जूरी पैनल में देश के कई दिग्गज पत्रकार शामिल रहे, जिन्होंने देश के 40 साल से कम उम्र के बेस्ट 40 पत्रकार चुने, जो अपने अपने क्षेत्र में हटके काम कर रहे हैं।




लोकसभा में एंटी-पेपर लीक बिल पास, 7 साल की सजा और 10 करोड रुपये तक का जुर्माना; राज्यसभा में वंदे मातरम् बिल भी पारित।

व्यापार...

## आईटीआर फाइल करते समय बचाना चाहते हैं टैक्स, इन 6 जरूरी डिडक्शन को क्लेम करना न भूलें

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करते समय अधिकतर लोग अपनी आय और टैक्स की जानकारी तो सही भर देते हैं, लेकिन कई बार ऐसे महत्वपूर्ण टैक्स डिडक्शन का दावा करना भूल जाते हैं, जिनकी मदद से उनकी टैक्स देनदारी काफी कम हो सकती है। इसका नतीजा यह होता है कि करदाता जरूरत से ज्यादा टैक्स चुका देते हैं। यदि आपने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर दाखिल करना है और पुराना टैक्स रिजीम चुना है, तो कुछ महत्वपूर्ण डिडक्शन का लाभ उठाकर अच्छी-खासी टैक्स बचत की जा सकती है।

ध्यान रखने वाली बात यह है कि नए टैक्स रिजीम में इन अधिकांश डिडक्शन का लाभ उपलब्ध नहीं होता। इसलिए रिटर्न दाखिल करने से पहले दोनों टैक्स रिजीम की तुलना जरूर कर लें, ताकि यह तय किया जा सके कि किस विकल्प में आपको अधिक बचत मिलेगी।

अगर आपने पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), टैक्स सेविंग फिक्स्ड डिपॉजिट, ईएलएसएस, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), सुकन्या समृद्धि योजना, जीवन बीमा प्रीमियम, बच्चों की ट्यूशन फीस या होम लोन के मूलधन का भुगतान किया है, तो सेक्शन 80सी के तहत अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक की टैक्स छूट का दावा किया जा सकता है। यह टैक्स बचाने का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला प्रावधान है।

वहीं, अगर आपने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश किया है, तो सेक्शन 80सीसीडी(1बी) के तहत 50,000 रुपए तक की अतिरिक्त टैक्स छूट मिल सकती है। यह छूट सेक्शन 80सी से अलग होती है। यानी 80सी और 80सीसीडी(1बी) को मिलाकर कुल 2 लाख रुपए तक की टैक्स बचत संभव है।

यदि आपने अपने, जीवनसाथी, बच्चों या माता-पिता के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ली है, तो सेक्शन 80डी के तहत टैक्स छूट का लाभ मिल सकता है। यह छूट परिवार की स्थिति और वरिष्ठ नागरिकों के आधार पर 25,000 से 1 लाख रुपए तक हो सकती है। हालांकि, प्रीमियम का भुगतान बैंकिंग माध्यम से किया गया होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षा के लिए लिया गया एजुकेशन लोन भी टैक्स बचाने में मदद करता है। सेक्शन 80ई के तहत एजुकेशन लोन पर चुकाए गए ब्याज की पूरी राशि पर निर्धारित अवधि तक टैक्स छूट मिलती है। इसमें किसी अधिकतम सीमा का प्रावधान नहीं है। हालांकि, यह छूट केवल ब्याज पर मिलती है, लोन के मूलधन पर नहीं।

## 3 दिनों में 170 करोड़! थलपति विजय की 'जन नेता' का बॉक्स ऑफिस पर गदर, क्या रविवार को टूटेगा 200 करोड़ी क्लब का रिकॉर्ड?

**एजेंसी न्यूज. मुंबई**

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार थलपति विजय की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जन नेता' सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और रिलीज के पहले तीन दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। 7 महीने के लंबे इंतजार और कई बार टलने के बाद रिलीज हुई थलपति विजय के करियर की इस आखिरी फिल्म को फैंस का भरपूर प्यार मिल रहा है। घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ ओवरसीज में भी यह फिल्म धुआंधार कमाई कर रही है। रिलीज के पहले ही दिन दुनियाभर में करीब 80 करोड़ रुपये से खाता खोलने वाली इस फिल्म ने वीकेंड का पूरा फायदा उठाते हुए तीसरे दिन यानी शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर बड़ा उछाल दर्ज किया है।

शनिवार को कलेक्शन में आया जबरदस्त उछाल

सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 'जन नेता' ने पहले दिन 42.70 करोड़ रुपये की धमाकेदार ओपनिंग की थी। दूसरे दिन कमाई में थोड़ी गिरावट देखी गई और फिल्म ने 21.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, तीसरे दिन यानी शनिवार को वीकेंड की छुट्टी का फायदा उठाते हुए फिल्म के कलेक्शन में फिर से बड़ा इजाफा देखा गया और इसने 28.50 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस किया। अब इस एक्स्टेंडेड वीकेंड का एक और दिन यानी रविवार बाकी है, जिससे फिल्म की कमाई में और भी बड़े आंकड़े देखने की उम्मीद जताई जा रही है।

# अब बच्चों को होमवर्क का सीधा जवाब नहीं देगा चेट जीपीटी, ओपन एआई ने 18 साल से कम उम्र वालों के लिए बदले नियम

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

लोकप्रिय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट 'चैटजीपीटी' (ष्ठद्धड्डह्लतक्क्ष) बनाने वाली कंपनी ओपनएआई (ह्रश्चद्गठ्ठ) ने 18 साल से कम उम्र के किशोरों और बच्चों के लिए अपनी सेवा को पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित बनाने का बड़ा कदम उठाया है। कंपनी एक नया 'टीन फीचर' और 'चाइल्ड सेफ्टी ब्लूप्रिंट' लेकर आई है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को एआई का सही और सुरक्षित इस्तेमाल सिखाना है। इसके तहत अब चैटजीपीटी न सिर्फ बच्चों की पढ़ाई के तरीके को बदलेगा, बल्कि माता-पिता को भी अपने बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष अधिकार देगा।

**18 साल से कम उम्र वालों के लिए अलग होगा अनुभव**

ओपनएआई के नए बदलावों के तहत अब 18 साल से कम उम्र के यूजर्स के लिए चैटजीपीटी का अनुभव पूरी तरह से अलग होगा। जैसे ही सिस्टम को यह पता चलेगा कि यूजर की उम्र 18 साल से कम है, उसे अपने आप 'टीन एक्सपीरियंस मोड' में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इस विशेष मोड में हिंसक सामग्री, आत्महत्या से जुड़े विषय और इंटरनेट के खतरनाक वायरल ट्रेंड जैसे संवेदनशील मुद्दों पर पहले से ज्यादा सख्त सुरक्षा नियम लागू होंगे।

**स्टडी मोड में सीधे जवाब के बजाय मिलेगा स्टेप-बाय-स्टेप हल**

छात्रों के लिए कंपनी ने अपने 'स्टडी मोड' में सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अक्सर बच्चे होमवर्क या किसी सवाल का सीधा जवाब पाने के लिए चैटजीपीटी का सहारा लेते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। इस नए मोड में चैटजीपीटी बच्चों को किसी भी सवाल का सीधा उत्तर देने के बजाय उसे स्टेप-बाय-स्टेप तरीके से समझाएगा। यह बदलाव खास तौर पर इसलिए डिजाइन किया गया है ताकि छात्र केवल कॉपी-पेस्ट करने के बजाय खुद से सोचकर समाधान तक पहुंच सकें और उनकी सीखने की क्षमता बेहतर हो सके।

**ब्रेक रिमाइंडर के साथ पैरेंट्स को मिले मजबूत कंट्रोल**

बच्चों को स्क्रीन की लत से बचाने के लिए ओपनएआई ने एक नया 'ब्रेक रिमाइंडर' फीचर भी जोड़ा है। यदि कोई किशोर लंबे समय तक लगातार चैटजीपीटी का उपयोग करता है, तो एआई उसे बीच में रुकने और कुछ देर का ब्रेक लेने की सलाह देगा। इसके अलावा, माता-पिता को भी नए और मजबूत 'पैरेंटल कंट्रोल' दिए गए हैं।

## सोने-चांदी की कीमतों में लगी आग, एक हफ्ते में 7 हजार रुपए तक उछले दाम, जानिए 10 ग्राम गोल्ड का लेटेस्ट रेट

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

वैश्विक अस्थिरता बढ़ने से सोने और चांदी में इस हफ्ते तेजी देखने को मिली, जिससे सोना और चांदी क्रमशः 2 हजार रुपए और 6 हजार रुपए से अधिक महंगे हो गए हैं।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम इस हफ्ते 2,622 रुपए बढ़कर 1,43,781 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि पहले यह 1,41,159 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,31,703 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,29,302 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 18 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,07,836 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,05,869 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

इस हफ्ते सोने में सबसे न्यूनतम दाम 20 जुलाई को सुबह के सत्र में 1,41,915 रुपए प्रति 10 ग्राम देखा गया। वहीं, उच्चतम दाम 23 जुलाई को सुबह के सत्र में 1,45,557 रुपए प्रति 10 ग्राम देखा गया।

सोने के साथ चांदी की कीमत में भी तेजी देखने को मिली है।

चांदी का दाम 6,974 रुपए बढ़कर 2,22,721 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,15,474 रुपए प्रति किलो था। इस हफ्ते चांदी में उच्चतम दाम 22 जुलाई को सुबह के सत्र में 2,26,238 रुपए प्रति किलो देखा गया।

## मां इंटि बंगारम ने बनाया रिकॉर्ड, बनी 2026 की तमिल की मोस्ट प्रॉफिटेबल फिल्म

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फीमेल लीड फिल्म मां इंटि बंगारम की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई है. इसकी लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं. फिल्म ने इंडिया में तो बवाल काटा ही साथ ही नॉर्थ अमेरिका में भी शानदार प्रदर्शन किया. इसने 100त्न से ज्यादा का प्रॉफिट भी कमा लिया है. चलिए बताते हैं फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में कितना कमाया.

फिल्म मां इंटि बंगारम ने नॉर्थ अमेरिका में भी जबरदस्त कमाई की है. फिल्म को 19 जून को रिलीज किया गया था और अमेरिका में प्रीमियर में इसने 280के की अच्छी कमाई की, जबकि पहले दिन (प्रीमियर मिलाकर) कुल 533.4के की कमाई की. नॉर्थ अमेरिका में फिल्म सक्सेसफुल रही. रिपोर्ट के अनुसार, इसने 2.082 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो कि इंडियन रूपये में 20.1 करोड़ के बराबर है. इसी के साथ ही फिल्म मां इंटि बंगारम 2026 की तमिल की मोस्ट प्रॉफिटेबल फिल्म बन चुकी है.

## धमाल 4 ने 15वें दिन तोड़ा वेलकम टू द जंगल का रिकॉर्ड, वर्ल्डवाइड कमा डाले इतने करोड़

धमाल 4 ने सिनेमाघरों मे रिलीज के दो हफ्ते पूरे कर लिए हैं और ये अब तीसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. दिलचस्प बात ये है कि कई नई हिंदी फिल्मों और थलापति विजय की जना नायकन के हिंदी वर्जन के सिनेमाघरों में आने के बावजूद, इसकी कमाई में कोई गिरावट नहीं आई. बल्कि, तीसरे शुक्रवार को फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई. इसी बीच, इसने अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल को पीछे छोड़ते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. चलिए यहां फिल्म के

कोईमोई के मुताबिक 14वें दिन की 2.42 करोड़ ग्रॉस (2.05 करोड़ नेट) कमाई के मुकाबले, इस एडवेंचर-कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के तीसरे शुक्रवार यानी 15वें दिन भारत में 2.83 करोड़ ग्रॉस (2.4 करोड़ नेट) की कमाई करके बढ़त दिखाई. वहीं विदेशों में कमाई 25 लाख पर स्थिर रही.

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 : भारत का पहला पदक पक्का, लवलीना सेमीफाइनल में पहुंचीं


**एजेंसी न्यूज. ग्लासगो**

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी से पहले ही भारत ने अपना पहला पदक सुनिश्चित कर लिया है। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को 'बाय' मिला है। इसके माध्यम से सीधे सेमीफाइनल में पहुंचते हुए उन्होंने अपना पदक सुनिश्चित कर लिया।

टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना बोरगोहेन 'बाय' मिलने के बाद महिलाओं के 75 किग्रा कैटेगरी के सेमीफाइनल में सीधे पहुंचीं।

ड्रॉ में सिर्फ पांच एथलीट थे, इसलिए लवलीना समेत तीन खिलाड़ी सीधे 'अंतिम-4' (सेमीफाइनल) में पहुंच गए, जबकि बाकी दो खिलाड़ियों को एकमात्र क्वार्टरफाइनल मैच खेलना था। कॉमनवेल्थ गेम्स के बॉक्सिंग नियमों के तहत, सेमीफाइनल में हारने वाले सभी खिलाड़ियों को कांस्य पदक दिया जाता है। इसका मतलब है कि ग्लासगो में अपना पहला मुकाबला खेलने से पहले ही लवलीना का कांस्य पदक पक्का हो गया है।

# कृति सैनन ने ठुकरा दी थीं ये फिल्में, नाम जानकर रह जाएंगे हैरान



कृति सैनन ने पिछले एक दशक में अपने दमदार अभिनय और हर तरह के किरदारों के दम पर बॉलीवुड में खास पहचान बनाई है। रोमांस, कॉमेडी से लेकर गंभीर भूमिकाओं तक, उन्होंने हर शैली में खुद को साबित किया है। हालांकि, सफलता के इस सफर के दौरान कृति ने कई बड़ी फिल्मों के प्रस्ताव भी ठुकराए। ऐसे में आइए जानते हैं वे कौन-सी चर्चित फिल्में थीं, जिनमें काम करने से उन्होंने इनकार कर दिया था।

साल 2015 में रिलीज हुई अक्षय कुमार कि फिल्म सिंह इज ब्लिंग में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाने का ऑफर भी कृति को दिया गया था, लेकिन उन्होंने इसमें काम करने से साफ इनकार कर दिया था।

साल 2017 में आई फिल्म हाफ गर्लफ्रेंड के निर्माता मुख्य भूमिका में कृति को लेना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इस ऑफर को ठुकरा दिया। चेतन भगत के उपन्यास पर आधारित इस फिल्म को बाद में श्रद्धा कपूर ने किया था।

साल 2018 में रिलीज हुई लस्ट स्टोरीज 2 में कियारा आडवाणी का किरदार पहले कृति को ऑफर हुआ था। हालांकि, उन्होंने इसे करने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि उनकी मां को यह भूमिका पसंद नहीं आई थी।

एक्शन थ्रिलर फिल्म मलंग साल 2020 में रिलीज हुई थी। मोहित सूरी इस फिल्म में कृति को लेना चाहते थे, लेकिन उनके पास समय न होने की वजह से इस फिल्म में दिशा पाटनी को लिया गया।

साल 2021 में आई ओटीटी फिल्म हसीन दिलरुबा में रानी सक्सेना का किरदार कृति को पेश किया गया था, लेकिन उन्होंने इसमें काम करने से साफ मना कर दिया। फिर तापसी पन्नू ने इसमें काम किया।

2021 में ही रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म धमाका के निर्माताओं ने कृति को इसका ऑफर दिया था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। ऐसे में बाद में मृणाल ठाकुर ने इस भूमिका को निभाया था।

# दूसरे मैच में जीत के साथ भारत टी20 में फिर बना नंबर वन, खत्म हुई इंग्लैंड की बादशाहत

**भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 रनों की बड़ी जीत दर्ज की।**

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम आईसीसी रैंकिंग में एक बार फिर दुनिया की नंबर एक टीम बन गई है। भारत ने इंग्लैंड की बादशाहत को खत्म कर दिया है।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अनुसार, दूसरे टी20 में मिली जीत के साथ ही टी20 में नंबर एक का ताज फिर से भारतीय टीम ने हासिल कर लिया है। इंग्लैंड अब दूसरे स्थान पर खिसक गया है। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 से टी20 सीरीज हारने के बाद नंबर एक की कुर्सी गंवानी पड़ी थी। हरारे के मैदान पर खेले गए दूसरे टी20 में भारतीय टीम का प्रदर्शन लाजवाब रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 219 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए।

हालांकि, भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और अभिषेक शर्मा महज 8 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, वैभव सूर्यवंशी 9 गेंदों में 3 चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाने के बाद आउट हुए। 29 के स्कोर पर 2 विकेट गंवाने के बाद भारतीय टीम की पारी को ईशान किशन और कप्तान श्रेयस अय्यर ने संभाला। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 66 रनों की अहम साझेदारी निभाई। अय्यर ने 20 गेंदों में 25 रन बनाए। ईशान बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने महज 44 गेंदों का सामना करते हुए 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 81 रन बनाए।

वहीं, तिलक वर्मा ने भी आतिशी बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 29 गेंदों में 60 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी में तिलक ने 5 चौके और 3 छक्के लगाए। रिंकू सिंह ने 12 रनों का योगदान दिया। हालांकि, इसके जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम 129 रन बनाकर ऑलआउट हुई। मेजबान टीम की तरफ से ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, तो तदीवानाशे मारुमनी ने 24 रनों का योगदान दिया। भारत की ओर से गेंदबाजी में अभिषेक शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 रन देकर 3 विकेट झटके। यश ठाकुर ने 30 रन देकर 2 विकेट निकाले, जबकि प्रिंस यादव ने 10 रन देकर 2 विकेट झटके। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

## सब्जी बेची, ई-रिक्शा चलाया और अब कॉमनवेल्थ गेम्स में रच दिया इतिहास, झंडू कुमार ने भारत को दिलाया पहला मेडल

**ग्लासगो।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मेडल की रेस में भारत का खाता आधिकारिक तौर पर खुल गया है। ग्लासगो में चल रहे इन खेलों में भारत के पैरा-एथलीट झंडू कुमार ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में पहला मेडल डाल दिया है। पावरलिफ्टिंग के हेवीवेट कैटेगरी में 28 वर्षीय भारतीय लिफ्टर झंडू कुमार ने 130.9 पॉइंट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। बिहार के रहने वाले झंडू का यह सफर हर किसी के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, क्योंकि 5 साल की उम्र में पोलियो के कारण दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने वैश्विक मंच पर देश के लिए मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है।

गोल्ड से चूके, लेकिन देश को दिलाया पहला पदक

पावरलिफ्टिंग के हेवीवेट इवेंट में नेशनल रिकॉर्ड होल्डर झंडू कुमार ने शानदार शुरुआत की। ग्रुप-क्क में खेलते हुए उन्होंने अपने पहले प्रयास में 181 किलोग्राम वजन उठाकर 124.7 पॉइंट्स बटोरे। इसके बाद दूसरे प्रयास में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 190 किलोग्राम वजन भी आसानी से उठा लिया, जिससे उनका स्कोर 130.9 पॉइंट्स तक पहुंच गया। हालांकि, तीसरे प्रयास में वह 196 किलो उठाने से चूक गए, लेकिन लंबे समय तक शीर्ष स्थान पर बने रहे। बाद में ग्रुप७ में नाइजीरिया के रिलुवान इदरीस ने 208 किलोग्राम वजन उठाकर (132.8 पॉइंट्स) गोल्ड जीता, जबकि इंग्लैंड के मैथ्यू हार्डिंग ने 199 किलोग्राम (131 पॉइंट्स) के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अगर झंडू अपने आखिरी प्रयास में सफल हो जाते, तो वह आसानी से सिल्वर या गोल्ड मेडल जीत सकते थे।

5 साल की उम्र में पोलियो और गरीबी की दोहरी मार

झंडू कुमार का यहां तक पहुंचने का सफर भारी संघर्षों से भरा रहा है। बिहार के हरनौट के रहने वाले झंडू जब मात्र 5 साल के थे, तभी उन्हें पोलियो हो गया और उनके दोनों पैर खराब हो गए। शारीरिक अक्षमता के साथ-साथ उन पर गरीबी की गहरी मार भी पड़ी। परिवार का पेट भरने और घर चलाने के लिए उन्हें सब्जी बेचने तक का सहारा लेना पड़ा। जब हालात फिर भी नहीं सुधरे, तो उन्होंने अपनी कमाई बढ़ाने के लिए ई-रिक्शा चलाना शुरू किया।

## एशियन गेम्स 2026 : भारत-पाक महामुकाबले पर लटकी बड़ी शर्त, जानिए किस स्टेज पर होगी दोनों की भिड़ंत

**एजेंसी न्यूज. नई दिल्ली**

एशियाई खेलों के महाकुंभ में एक बार फिर टी-20 क्रिकेट का रोमांच सिर चढ़कर बोलने को तैयार है, जिसने अभी से करोड़ों फैंस की धड़कनें तेज कर दी हैं। जापान में होने वाले 2026 के इस वैश्विक इवेंट का आधिकारिक ड्रा और शेड्यूल सामने आ चुका है। भारत इस बार भी मैदान में अपने पुराने दबदबे के साथ उतरेगा, जहां पुरुष और महिला दोनों ही टीमों के कंधों पर अपने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) को बचाने की भारी जिम्मेदारी होगी। हालांकि, टूर्नामेंट के ऐलान के साथ ही क्रिकेट प्रेमियों के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान का हाई-वोल्टेज मुकाबला कब होगा? ड्रा के मुताबिक, दोनों टीमों की टक्कर इस बार सिर्फ एक विशेष परिस्थिति में ही संभव हो पाएगी।

**सेमीफाइनल या फाइनल में ही टकराएंगे भारत और पाकिस्तान**

टूर्नामेंट के घोषित नियम और सीडिंग व्यवस्था के तहत भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की पुरुष टीमों को टॉप सीड का दर्जा मिला है, जिसके कारण ये चारों टीमें सीधे क्वार्टर फाइनल में अपनी चुनौती पेश करेंगी। अहम बात यह है कि सीडिंग के कारण भारत और पाकिस्तान को टूर्नामेंट के अलग-अलग हाफ (ग्रुप) में रखा गया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि लीग या शुरुआती नॉकआउट दौर में दोनों का सामना नहीं होगा। यदि दोनों टीमें अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर आगे बढ़ती हैं, तो फैंस को यह महामुकाबला केवल सेमीफाइनल या फिर सीधे खिताबी जंग (फाइनल) में ही देखने को मिलेगा।

**महिला टीम के सामने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापान की चुनौती**

भारतीय पुरुष टीम की तरह ही महिला टीम भी अपने खिताब की रक्षा के लिए सीधे क्वार्टर फाइनल से मैदान में उतरेगी। पहले ही मुकाबले में भारतीय बेटियों का सामना मेजबान जापान की टीम से होगा। इस क्वार्टर फाइनल को जीतने के बाद सेमीफाइनल में भारत की भिड़ंत बांग्लादेश या चीन में से किसी एक टीम से होगी। वहीं, दूसरे हाफ के सेमीफाइनल में श्रीलंका या मलेशिया की विजेता टीम का सामना पाकिस्तान या थाईलैंड से होगा।



# सिटी इम्पेक्ट



पेज 08

एक नजर | एंटी पेपर... बस्तर इम्पेक्ट दंतेवाड़ा, गुरूवार, दिनांक 30 जुलाई 2026


# मूसलाधार बारिश से दंतेवाड़ा अलर्ट मोड पर

## नदी-नाले उफान पर, जगरगुंडा-अरनपुर मार्ग भूस्खलन से बंद



### भारी वर्षा और भूस्खलन के चलते अरनपुर -जगरगुंडा मार्ग आवागमन के लिए हुआ प्रतिबंधित

जिला कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार बड़े बचेली अनुभाग अंतर्गत अरनपुर-जगरगुंडा ,घाटी मार्ग क्षेत्र में भारी वर्षा और भूस्खलन की आशंका जताई गई है। स्थिति को देखते हुए तहसीलदार बचेली, एसडीओ पीडब्ल्यूडी, द्वारा उक्त स्थल का मौके पर मुआयना कर जाँच किया गया। प्राप्त सूत्रों के अनुसार उक्त स्थल में 28 जुलाई 2026 रात्रि को लैंडस्लाइड हुआ था। तथा 6 घंटे के प्रयास उपरांत वर्तमान में मार्ग को मरम्मत भी किया गया है। परन्तु मौका जाँच में पुनः यह पाया गया कि उक्त स्थल में पानी के साथ साथ मिट्टी का रिसाव अभी भी हो रहा हैं जिसके कारण कभी भी पुनः लैंडस्लाइड होने की संभावना है,। उक्त स्थल के अलावा घाटी के अन्य स्थलों पर भी पेड़ गिरने, लैंडस्लाइड होने की संभावना के साथ-साथ पानी के बहाव के कारण मार्ग के किनारा क्रस्ट पूरी तरह खोखला, क्षतिग्रस्त हो चुकी है। एसी स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आगामी 48 घंटे एवं वर्षा अवधि तक अरनपुर- जगरगुंडा मार्ग को आवागमन हेतु प्रतिबंधित किया गया है।





**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**

जिले में पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। लगातार वर्षा के कारण जिले की अधिकांश छोटी-बड़ी नदियां और नाले उफान पर हैं। जगरगुंडा-आरण्यपुर मुख्य मार्ग पर भूस्खलन होने से सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन ठप हो गया। प्रशासन द्वारा मार्ग को शीघ्र बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश राहत कार्य में बाधा बन रही है।

बारिश का सबसे अधिक असर पहाड़ी क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है, जहां तेज बहाव के कारण कई ग्रामीण संपर्क मार्ग जलमग्न हो गए हैं। जिले की जीवनदायिनी मानी जाने वाली शंखनी और डंकिनी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी किनारे बसे गांवों के लोग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यदि बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा तो निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

लगातार बढ़ते जलस्तर ने लोगों को पिछले वर्ष अगस्त में आई भीषण बाढ़ की याद दिला दी है। उस दौरान जिले के कई गांवों का संपर्क मुख्यालय से कट गया था, अनेक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा था तथा जनजीवन कई दिनों तक अस्त-व्यस्त रहा था। इसी अनुभव के चलते इस बार लोग पहले से अधिक सतर्क दिखाई दे रहे हैं और प्रशासन भी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरत रहा है।

संभावित आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष से 24 घंटे स्थिति की निगरानी की जा रही है। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव दलों को तत्काल रवाना करने की तैयारी भी कर ली गई है।

इधर मौसम विभाग ने अगले 36 घंटों के लिए भारी से अति भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार जिले के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश का दौर जारी रह सकता है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि बिना आवश्यकता नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें, जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। लगातार हो रही बारिश और मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए पूरे जिले में स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

---

### प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ता बीजापुर : खाद के लिए आत्मनिर्भर बने किसान, 500 से अधिक कृषक हो रहे लाभान्वित

**बीजापुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बीजापुर द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों से जिले के किसान अब खाद एवं जैविक कृषि आदानों के मामले में आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मार्च 2026 से जुलाई 2026 के बीच बीजापुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में आयोजित चार प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सकारात्मक प्रभाव अब व्यापक स्तर पर दिखाई दे रहा है।

### नगर पंचायत बारसूर में चलाया गया स्वच्छता अभियान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग पर लगाया गया जुर्माना

**दंतेवाड़ा।** नगर पंचायत बारसूर अंतर्गत व्यवसायिक दुकानों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के क्रियान्वयन हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत राज्य के समस्त नगरीय निकायों में 01 अप्रैल 2026 से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू चुका है। जिसमें नगर के अध्यक्ष, संबंधित वार्ड पार्षद एवं नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी, वार्ड नोडल, स्वच्छता दीदीयों के नेतृत्व में डोर-टू-डोर जाकर गीला अपशिष्ट, को हरे डस्टबीन में, तथा सूखे अपशिष्ट जैसे कागज, गत्ता, प्लास्टिक, कपड़ा, रबर, पॉलिथिन, लोहे के डिब्बे इत्यादि को नीला डस्टबिन में, एवं सेनेटरी अपशिष्ट जैसे मास्क, दस्ताने, नैपकिन, डायपर एवं सेनेटरी पैड को लाल डस्टबिन में एवं विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट- जैसे कांच, रसायन, पेंट, ई-वेस्ट, बैटरियां एवं सिरिंज को पीला डस्टबिन में विभाजित कर स्वच्छता दीदियों को देने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े, कागज एवं जूट के थैलियों जैसे पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को चुनने की भी सलाह दी जा रही है।

### मानसून आपदा से निपटने दंतेवाड़ा में बाढ़ नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**



आगामी मानसून के दौरान संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य शासन के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले में जिला, अनुविभाग एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जारी आदेश के तहत जिला स्तर पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे को बाढ़ नियंत्रण का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आपातकालीन स्थिति में उनसे मोबाइल नंबर 9926164727 पर संपर्क किया जा सकता है।

इसी प्रकार अनुविभाग स्तर पर दंतेवाड़ा के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लोकांश एल्मा (मो. 9407688788), गीदम के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विवेक चन्द्रा (मो. 7974594050) तथा बड़ेबचेली के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजीव जेम्स कुजूर (मो. 7247031076) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। तहसील स्तर पर दंतेवाड़ा के लिए परमानंद बंजारे (मो. 9399300463), गीदम के लिए भादू राम धनकर (मो. 6266910752), कुआकोण्डा के लिए लीलाधर चन्द्रा (मो. 7222963734), कटेकल्याण के लिए श्रीमती आशा मोर्य (मो. 9424105047), बड़ेबचेली के लिए महेश कश्यप (मो. 7000683487) तथा बारसूर के लिए संतोष ध्रुवे (मो. 9407932323) को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## गीदम में नवीन आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ

### अब स्थानीय स्तर पर मिलेगी आधार संबंधी सभी सुविधाएं




**दंतेवाड़ा।** जिले के गीदम ब्लॉक में नागरिकों को आधार संबंधी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवीन आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन गीदम जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष श्री दिनेश कौशल एवं जनपद सदस्य श्री मुन्नू राम कश्यप ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि आधार सेवा केंद्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को अब आधार नामांकन, संशोधन एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा।

कार्यक्रम के दौरान सीएससी जिला प्रबंधक श्री मिथलेश साहू ने गीदम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलराम ध्रुव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से आधार सेवा केंद्र के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो सका, जिससे यह सुविधा अब गीदम ब्लॉक के नागरिकों तक सहज रूप से पहुंच सकेगी। उन्होंने बताया कि नवीन आधार सेवा केंद्र के माध्यम से आधार नामांकन, आधार में संशोधन सहित विभिन्न आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इससे नागरिकों का समय और संसाधनों की बचत होगी तथा उन्हें बेहतर, त्वरित और सुविधाजनक सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने गीदम ब्लॉक के सभी नागरिकों से अपील की कि आधार से संबंधित किसी भी कार्य के लिए अब वे नवीन आधार सेवा केंद्र का लाभ उठाएं और शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस सुविधा का अधिकतम उपयोग करें।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विजन को रेखांकित करेगी 'मुस्कुराता बस्तर' कार्टून कार्यशाला

#### 'मुस्कुराता बस्तर' थीम पर जगदलपुर में होगी कार्टून कार्यशाला स्कूली विद्यार्थियों को मिलेगा वरिष्ठ कार्टूनिस्टों से प्रशिक्षण




**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के सहयोग से देश की एकमात्र मासिक कार्टून पत्रिका कार्टून वॉच द्वारा जगदलपुर में स्कूली विद्यार्थियों के लिए 'मुस्कुराता बस्तर' थीम पर विशेष कार्टून कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में विद्यार्थियों को कार्टून और कैरिकेचर कला का प्रशिक्षण देने के साथ बस्तर की संस्कृति, पर्यटन और लोकजीवन को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर आज विकास, पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान के नए आयाम स्थापित कर रहा है। बस्तर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, जनजातीय संस्कृति और पर्यटन स्थलों के कारण देश-दुनिया में नई पहचान बना रहा है।

### मुख्यधारा से जुड़ रहे पुनर्वासित युवा वित्तीय साक्षरता कार्यशाला से बढ़ा आत्मविश्वास, 80 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**इम्पेक्ट न्यूज. सुकमा**

पुनर्वास प्राप्त नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में प्रशासन की पहल को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इसी क्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बुधवार को पुनर्वास केंद्र में पुनर्वास प्राप्त नक्सलियों के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय अधिकारों और जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर सुरक्षित एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक श्री सत्येन्द्र राठौर, अग्रणी जिला अधिकारी श्री नवीन तिवारी, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मनीष कुमार कुशरो तथा बिलासपुर से श्री कार्तिक राम बाँधेकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

श्री नवीन तिवारी ने कहा कि वित्तीय साक्षरता व्यक्ति को अपनी बचत का बेहतर प्रबंधन करने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बैंकिंग लोकपाल सहित उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

## कारगिल विजय दिवस पर बस्तर के उद्यानिकी महाविद्यालयों में गूंजा देशभक्ति का स्वर, अमर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर**




क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर तथा उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सोनारपाल के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस अत्यंत जोश, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारगिल युद्ध के अमर शहीदों का स्मरण कर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ।

इस गरिमामय अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने सुरीले देशभक्ति गीतों, ओजस्वी भाषणों और भव्य रंगोली के माध्यम से अमर वीर जवानों के अद्वितीय बलिदान के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। यह भव्य आयोजन क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी. पी. नाग, उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सोनारपाल के अधिष्ठाता डॉ. इशु साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना जगदलपुर के कार्यक्रम अधिकारी श्री राम कुमार देवांगन, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कमांडिंग अधिकारी लेफ्टिनेंट इंजीनियर भागवत कुमार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, सोनारपाल के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमित के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूह की दीदियों को दिया गया राखी बनाने का प्रशिक्षण



**जगदलपुर।** तीज-त्यौहारों के अवसर पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए अतिरिक्त आय के अवसर सृजित करने की दिशा में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आड़ावाल जगदलपुर द्वारा 21 जुलाई से 26 जुलाई तक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सातों जनपदों से आई स्व-सहायता समूह की तीस दीदियों को आकर्षक एवं पर्यावरण अनुकूल राखियां बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### कम वर्षा में बेहतर उत्पादन के लिए कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी की वैज्ञानिक सलाह

**इम्पेक्ट न्यूज. सुकमा**

जिले में अनियमित एवं कम वर्षा की संभावित परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा द्वारा किसानों को समय पर वैज्ञानिक कृषि परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप समूह, ग्राम स्तरीय बैठकों एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को मौसम आधारित कृषि तकनीकों, जल संरक्षण एवं फसल प्रबंधन की जानकारी निरंतर दी जा रही है, ताकि प्रतिकूल मौसम के प्रभाव को कम करते हुए किसानों की फसल, उत्पादन और आय को सुरक्षित रखा जा सके। विलंबित वर्षा की स्थिति में कम अवधि में पकने वाली धान की किस्मों को प्राथमिकता देने के साथ-साथ ऊपरी एवं कम पानी वाले क्षेत्रों में मक्का, रागी, कुटकी, उड़द, कुल्थी एवं तिल जैसी कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों की खेती करने का सुझाव दिया गया है।

## अवसाद ग्रस्त महिला को सखी सेंटर से मिला मानसिक संबल



**इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा**

अपने प्रियजनों को सदा के लिए खोने का आघात किसी भी व्यक्ति को मानसिक रूप से तोड़ने के लिए काफी पर्याप्त होता है, ऐसे कठिन वक्त में भावनात्मक संबल न मिलने से कुछ लोग गहरे सदमें पहुच जाते है ऐसी ही मानसिक स्थिति से मुख्यालय के आवंराभाटा निवासी महिला प्रीति सिंह भी गुजर रही थी। परन्तु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित सखी वन स्टॉप सेंटर ने महिला के इस मुश्किल दौर को भली भांति समझते हुए इसकी जिंदगी को उबारा है। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और विकास के लिए दृढसंकल्पित होने का परिचय दिया है।

प्राप्त सूत्रों के अनुसार आंवाराभाटा निवासी महिला प्रीति सिंह कुछ वर्ष पहले अपने पुत्र को बीमारी के कारण खो चूकी थी। और दुर्भाग्यवश पति का स्वर्गवास भी पूर्व में हो गया था।

इस दोहरे मानसिक आघात में महिला को बुरी तरह तोड़ दिया। इसी अवसाद से ग्रस्त होने के कारण वे बुरी तरह नशा करने लगी। इसके बाद महिला ने घर पर रहना छोड़ दिया और पूरी तरह से नशे की गिरफ्त में आ गई। कई दिनों तक बिना खाना पीना के महिला बदहवास हालत में दिन भर भटकती रहती थी। आसपास के लोगों द्वारा जब इसकी सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग को दी गई तो रेस्क्यू करने के लिए सखी सेंटर को भेजा गया। महिला नशे की हालत में रहने के कारण जाने को तैयार नहीं थी, तो 112 पुलिस सेवा की सहायता ली गई। इसके बाद पुलिस द्वारा महिला को सखी सेंटर पहुंचाया गया।


स्वामी एम्बिशस् प्रिंटर्स के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक बिनोद कुमार सिंह द्वारा आसमा प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पंजाब नेशनल बैंक के सामने जय स्तंभ चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001. से मुद्रित कर एच163, सुरभि कॉलोनी, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, 494449 से प्रकाशित, संपादक* सुरेश महापात्र। (समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।)